▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 132
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, गुरुवार 26 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

प्रदेश के 37 जिलों में जिला प्रमुख के चुनाव: जयपुर समेत 24 जिलों में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी और नागौर में आरएलपी के जिला प्रमुख

चूरू में उलटफेर, राजेंद्र राठौड़ की बहू बनीं जिला प्रमुख: ब्यावर में बहुमत के बाद भी भाजपा हारी, 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान के 37 जिलों में बुधवार को हुए जिला प्रमुख के चुनाव में चूरू, ब्यावर में सबसे बड़ा उलटफेर हुआ। चूरू में बहुमत नहीं होने के बाद भी पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा से जिला प्रमुख बन गईं। वहीं ब्यावर में बहुमत होने के बाद भी भाजपा हार गई। सीकर, चूरू, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, धौलपुर, डीग, ब्यावर समेत कई जिलों में क्रॉस वोटिंग हुई। 37 जिलों में से जयपुर समेत 24 जिलों में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी और नागौर में आरएलपी के जिला प्रमुख बने हैं। दौसा, सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में कांग्रेस को निर्विरोध जीत मिली।

डूंगरपुर और डीडवाना-कुचामन में लॉटरी से जिला प्रमुख का फैसला हुआ। 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख बनीं। 16 जिले इनके लिए आरक्षित थे। 20 नवंबर को आए जिला परिषद सदस्यों के रिजल्ट में कांग्रेस को 23 जिलों, भाजपा को 5 और नागौर में आरएलपी को बहुमत मिला था। कांग्रेस 4 जगह, भाजपा को एक जगह बढ़त थी। तीन जगह भाजपा-कांग्रेस-निर्दलीय बढ़त में थे। जैसलमेर में कांग्रेस से जीतीं संतोष कुमारी और झालावाड़ से भाजपा से जीतीं वर्षा झाला सबसे कम उम्र 21 साल की और जालोर के आसुराम सबसे ज्यादा उम्र 64 साल के जिला प्रमुख बने। सबसे हॉट सीट बीकानेर में कांग्रेस विधायक की बहू निकिता डूडी ने जीत दर्ज की। यहां पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल की बेटी सरिता चौहान बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। दौसा में विधायक डीसी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा को जीत मिली है। सवाई माधोपुर में पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी आशा देवी ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस विधायक अर्जुन बामणिया के बेटे विकास बामनिया को हार का सामना करना पड़ा।





चूरू में भाजपा की कनिका सिंह बनीं जिला प्रमुख, कांग्रेस की प्रकाश बुडानिया को 5 वोटों से हराया

चूरू जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा की कनिका सिंह ने जीत दर्ज करते हुए जिला प्रमुख का पद हासिल किया। उन्होंने कांग्रेस की प्रत्याशी प्रकाश बुडानिया को 5 वोटों से हराया। मतदान में कनिका सिंह को 22 वोट मिले, जबकि प्रकाश बुडानिया को 17 वोट प्राप्त हुए। जिला परिषद में कांग्रेस के 22 सदस्य होने के बावजूद पार्टी प्रत्याशी प्रकाश बुडानिया को केवल 17 वोट मिले। कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग की चर्चा तेज हो गई है। कांग्रेस के पक्ष में अपेक्षित वोटों से पांच वोट कम पड़े।

जयपुर: कांग्रेस के यशवीर सूरा जिला प्रमुख: BJP को सदस्यों की संख्या से एक वोट ज्यादा मिला



जयपुर जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सूरा ने जीत हासिल की है। प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सूरा को 42 वोट मिले। बीजेपी के राजेश गुर्जर को 14 वोट मिले। बीजेपी के 13 ही सदस्य जीते थे। ऐसे में एक वोट ज्यादा मिला। वहीं, RLP के दो सदस्यों में से एक वोट देने नहीं पहुंचा। वोटिंग के बीच हंगामा हो गया था। मैन गेट से कांग्रेस के नेता अंदर आने का प्रयास करने लगे थे। पुलिस के जवानों संग खींचतान शुरू हो गई थी। इस दौरान कांग्रेस विधायक विद्याधर चौधरी की पुलिस अधिकारियों से बहस हुई थी। लेकिन बातचीत के बाद मामला शांत हो गया था। नामांकन के दौरान भाजपा नेताओं को भी अंदर घुसने से रोका गया था।

यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके

कांग्रेस ने बुधवार सुबह ही यशवीर सूरा के नाम की आधिकारिक घोषणा की थी। यशवीर सूरा जयपुर जिला परिषद के वार्ड 28 से जिला परिषद मेंबर हैं। वे यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। जिला परिषद की 57 सीटों में से कांग्रेस के पास 42, जबकि बीजेपी के पास 13 और RLP के पास 2 सीटें थीं।

झुंझुनूं में 22 वर्षीय कोमल भंवरिया बनीं जिला प्रमुख

भाजपा की हर्षिनी कुल्हरी को हराया

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

जिला परिषद को नई जिला प्रमुख मिल गई हैं। कांग्रेस की कोमल भंवरिया जिला प्रमुख निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी हर्षिनी कुल्हरी को हराकर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने वार्ड संख्या 16 से निर्वाचित कोमल भंवरिया को अपना उम्मीदवार बनाया था, जबकि भाजपा ने वार्ड संख्या 5 से निर्वाचित हर्षिनी कुल्हरी को मैदान में उतारा था। हर्षिनी इससे पहले भी झुंझुनूं की जिला प्रमुख रह चुकी हैं।

कोमल भंवरिया महज 22 वर्ष की उम्र में जिला प्रमुख बनी हैं। उन्होंने पहली बार चुनाव लड़ा और वार्ड संख्या 16 से जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुईं। जिला परिषद चुनाव में उन्हें कुल 7,396 वोट मिले और उन्होंने 2,321 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। कोमल स्नातक हैं और जितरवालों की ढाणी, गुढ़ा बावनी की निवासी हैं। उनके पति का नाम विनोद कुमार है। झुंझुनूं जिला परिषद में कुल 41 सदस्य हैं। इनमें कांग्रेस के 29, भाजपा के 11 और एक निर्दलीय सदस्य शामिल है। जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत था। पार्टी ने कोमल भंवरिया के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें प्रत्याशी बनाया था। उनकी जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।



बीफ न्यूज

सिंदूर पर टिप्पणी, यश माहेश्वरी पर एफआईआर

पटना। छठ पूजा और बिहार की महिलाओं के सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले



स्टैंडअप कॉमेडियन यश माहेश्वरी के खिलाफ पटना साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पहले कार्रवाई की मांगी की गई थी। वायरल होने के बाद लोगों ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

ऑस्कर की दौड़ में रामायण: पार्ट-1

नई दिल्ली। फिल्म रामायण: पार्ट-1 को 99वें अकादमी पुरस्कार यानी ऑस्कर के लिए विचारार्थ भेजा गया है।



फिल्म के निर्माताओं ने इसे पुरस्कार की दौड़ में शामिल करने के लिए प्रस्तुत किया है। हालांकि, यह भारत की आधिकारिक ऑस्कर एंट्री नहीं है। अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि मराठी फिल्म गोंधल है। रामायण दूसरी श्रेणियों में अपनी दावेदारी पेश कर सकती है।

ट्रम्प का भारत पर 25 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से आने वाले सामान पर 25% तक टैरिफ लगा सकते हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (USTR) ने भारत समेत 14 देशों पर नए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। इसमें चीन पर सबसे ज्यादा 40% और वियतनाम पर 35% तक टैरिफ लगाने की बात कही गई है। भारत समेत 7 देशों पर 25% तक टैरिफ लगाया जा सकता है। बांग्लादेश, यूरोपीय संघ, जापान, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर के लिए यह टैरिफ 20% तक है।

-विस्तृत पेज 8 पर

सीबीएसई की तीन-भाषा नीति

सीबीएसई की नीति पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ की स्थिति

दो चुनने वाले दो.. और तीन चुनने वाले तीन भाषाएं पढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि सीबीएसई की तीन-भाषा नीति के तहत पहले ही तीन भाषाएं चुन चुके छात्र अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। उन्हें अब दो भाषाएं चुनने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह बात कही।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन और सीबीएसई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अदालत में पेश हुए। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि हमने कहा था कि कक्षा 6 के जिन छात्रों ने तीन भाषाएं चुनी हैं, वे तीन भाषाएं जारी रखेंगे। जिन्होंने तीन भाषाएं नहीं चुनी हैं, उन्हें इसके लिए मजबूर न करें, उन्हें उसी तरह पढ़ने दें, जैसे वे अभी पढ़ रहे हैं।

- सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तीन भाषाएं चुन चुके छात्र अपने मौजूदा विकल्प जारी रख सकते हैं। दो भाषाएं पढ़ रहे छात्रों को भी इस वर्ष दो भाषाएं जारी रखने की अनुमति होगी

सीबीएसई ने अदालत से 28 सितंबर के आदेश में बदलाव करने की मांग की थी



फाइल फोटो

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन और सीबीएसई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अदालत में पेश हुए

कक्षा 7 तक के छात्रों को दसवीं तक छूट

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जो छात्र अभी दो भाषाएं पढ़ रहे हैं, उन्हें इस साल दो भाषाएं जारी रखने की अनुमति होगी। यह बच्चों से जुड़ा मामला है। हम इसे यहां नहीं बढ़ाना चाहते। जिन्होंने पहले ही विकल्प चुन लिया है, वे जारी रखें। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जिन छात्रों ने तीन भाषाएं चुनी हैं, उन्हें पुरानी व्यवस्था में लौटने की मांग नहीं करनी चाहिए।

तीन-भाषा नीति पर पहले क्या कहा गया था?

इस नीति के तहत कम-से-कम दो भाषाएं भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। कक्षा 7, 8 और 9 के छात्रों को इस नियम से छूट मिली है।

सुनवाई के दौरान क्या हुआ?

एक वकील ने अदालत के पुराने आदेश में कुछ दिक्कत होने की बात कही। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे लगता है कि अब इन मुद्दों को यहीं खत्म कर देना चाहिए। इसके बाद सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अदालत प्रस्तावित आदेश दे सकती है। अगर कोई दिक्कत हुई, तो सीबीएसई फिर अदालत आएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा-हम ऐसा करेंगे। बाद में, जब पीठ अगले मामले की सुनवाई शुरू करने वाली थी, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने आदेश में बदलाव का विरोध किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं को सुना नहीं गया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ सिर्फ यह साफ करना चाहती है कि दो भाषाएं पढ़ रहे छात्र दो भाषाएं और तीन भाषाएं चुन चुके छात्र तीन भाषाएं पढ़ते रह सकते हैं। उन्होंने कहा किजिन्होंने तीन भाषाएं चुनी हैं, उन्हें तीन भाषाएं पढ़ने दें। बस इतना ही। गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कियह हर बच्चे का अपना फैसला है संस्थानों को इस बारे में कोई निर्देश नहीं देना चाहिए।

राजस्थान में रात हुई ठंडी, पारा 2 डिग्री तक गिरा


अलवर

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान में सर्द हवा के कारण पारा लगातार गिरने से रात में सर्दी बढ़ गई है। राज्य के अधिकांश शहरों का न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक गिरा है। शेखावाटी के फतेहपुर में लगातार तीसरे दिन तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

बाड़मेर, जैसलमेर को छोड़कर सभी शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और शीतलहर का असर रहने की संभावना जताई है। बुधवार को शेखावाटी के अलावा बीकानेर संभाग और पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर संभाग के इलाकों में सर्द हवा का सबसे ज्यादा असर रहा। सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर (सीकर) में रही, जहां तीसरे दिन भी पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4.7, नागौर में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले एक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नही होगा। सुबह-शाम तेज सर्दी रहेगी, जबकि दिन में अच्छी धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रहेगी।

कॉकरोच पार्टी का आज नागपुर में प्रदर्शन: चुनावों में गड़बड़ी का आरोप

नागपुर। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) गुरुवार को नागपुर में सेव डेमोक्रेसी, सेव कॉन्स्टिट्यूशन कार्यक्रम करेगी। यह प्रदर्शन और जनसभा शाम 4 बजे संविधान चौक पर होगी। इससे पहले CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पीएम मोदी से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि अन्य राजनीतिक पोस्ट को दबाया जा रहा है।

दीपके ने दावा किया कि जनवरी से जून के बीच इंस्टाग्राम से 50 लाख से ज्यादा पोस्ट हटाए गए। विरोध जताने के लिए उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी की तस्वीर लगाई और मोदी चालीसा भी बजाई।

राजस्थान कॉलेज: छात्र प्राचार्य के चैंबर में घुसे: फ्रेशर पार्टी नहीं कराने को लेकर विवाद

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान कॉलेज में फ्रेशर पार्टी को लेकर छात्रों और कॉलेज प्रशासन के बीच विवाद सामने आया है। आरोप है कि प्रथम सेमेस्टर के कुछ छात्रों ने प्राचार्य सुनीता शर्मा के चैंबर में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया। इस दौरान चल रही प्रशासनिक बैठक में बाधा पहुंचाई गई। छात्रों पर प्राचार्य के साथ अभद्र व्यवहार करने और व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप है। वहीं, छात्र नेता लक्ष्य राज चुंडावत ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि उन्होंने कोई बदसलूकी नहीं की, बल्कि विरोध स्वरूप प्राचार्य की कुर्सी हटाई थी। गांधी नगर थाने में राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर हॉस्टल के वार्डन डॉ. हरबंस गोदारा (46) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार 23 नवंबर को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग के प्रथम सेमेस्टर के छात्र लक्ष्य राज चुंडावत और राजस्थान कॉलेज के प्रथम सेमेस्टर के छात्र रजत सिंह सहित कुछ अन्य विद्यार्थी कॉलेज परिसर में पहुंचे।

आरोप है कि विद्यार्थियों ने प्राचार्य के चैंबर में जबरन प्रवेश किया। उस समय वहां प्रशासनिक बैठक चल रही थी। छात्रों ने बैठक में बाधा उत्पन्न की और प्राचार्य के साथ अभद्र एवं अशोभनीय व्यवहार किया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और व्यक्तिगत नुकसान की धमकी दी।

राजस्थान कॉलेज की प्राचार्य सुनीता शर्मा ने कहा कि कॉलेज में हुए घटनाक्रम को लेकर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को एफआईआर में दे दी गई है। वहीं, छात्र लक्ष्य राज चुंडावत ने प्राचार्य पर लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उनका कहना है कि 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक जुलाई से लेकर अब तक फ्रेशर पार्टी को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया था। लक्ष्य राज के अनुसार, जब छात्र प्राचार्य से मिलने पहुंचे तो वह अपनी कुर्सी पर नहीं थीं, बल्कि चैंबर के प्राइवेट रूम में थीं। छात्रों ने उनसे बाहर आकर मिलने का आग्रह किया, लेकिन स्टाफ के माध्यम से कहलवाया गया कि इन लड़कों को बाहर भेज दो, मैं बाहर नहीं आऊंगी। इनको जो करना है, चाहे कर लें। लक्ष्य राज ने कहा कि इसके बाद उन्हें मजबूरन अंदर जाना पड़ा। बाद में प्राचार्य बाहर आईं और पुलिस को फोन कर छात्रों पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्रों ने कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया। उनका सवाल था कि अगर प्रिंसिपल ऑफिस में ही प्राचार्य से नहीं मिलेंगे तो कहां मिलेंगे।



विला में लगी आग में पति-पत्नी और बच्चों सहित चार झुलसे: सो रहा था परिवार, शॉर्ट सर्किट बना जानलेवा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



नारायण विहार इलाके में बुधवार तडक़े एक विला में आग लगने से अफरा-तफरी के साथ दहशत फैल गई। आग बुझाने की कवायद में दंपती सहित दो बेटियां झुलस गई, जबकि बेटे को लपटो से बचा लिया गया। शुक्र रहा कि स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सकुशल निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उनके चेहरे आग की लपटो से झुलसे हैं जबकि शरीर सुरक्षित होने के चलते हालत खतरे से बाहर है। हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार हादसा तडक़े करीब 5 बजे मांग्यावास स्थित कीर्ति नगर में बने एक विला में हुआ। यहां नीरज (43) अपनी पत्नी गौरी (40) और 10-12 साल के दो बेटियों के अलावा 6 साल के बेटे के साथ रहता है। विला की ऊपरी मंजिल पर परिवार सोया था जबकि निचली मंजिल पर नीरज का दादा सो रहा था। इसी दौरान कमरे में आग लगी तो बिस्तरों तक पहुंच गई। दंपती ने आग बुझाने का प्रयास किया जिसके चलते पति-पत्नी और दोनों बेटियों के चेहरे झुलस गए। शुक्र रहा कि समय रहते सभी को बाहर निकाला जिससे पूरे परिवार के जिंदगी बच गई। आग थोडा और भभकती तो जनहानि हो सकती थी।

दादा ने पोते को बचाया

आग लगने से घर में मची अफरा-तफरी के बीच परिवार की चीख सुनकर स्थानीय लोग घरों से निकल कर दौड़ पड़े। निचली मंजिल पर सो रहे दादा ने बिना समय गंवाए 6 साल के पोते को गोद में भरकर बाहर निकाल लिया। हादसे में कमरे के फर्नीचर सहित कपड़े जले हैं, मगर ज्यादा नुक्सान होने से बच गया। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि आग का कारण बिजली का शॉर्ट रहा। जिस कमरे में दपती सोया उसी में आग लगी। सर्दी के चलते उन्हें चिंगारी का पता नहीं चला और इसी बीच चिंगारी फर्नीचर-कपड़ों तक पहुंची तो आग का रूप ले लिया। हालांकि स्थानीय लोग और परिवार की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। नीरज की अजमेर रोड डीसीएम पर ऑटो मोबाइल की दुकान है। उसने बताया कि वह रात को परिवार के साथ खाना खाकर सोया था। सुबह कमरे में धुंऐ से घुटे दम और आग की लपटों की तपिश से नींद टूटी। बच्चे भी गहरी नींद में थे। आंख खुलते ही मंजर देख डरे पति-पत्नी ने शोर मचाकर बच्चों को जगाने के साथ ही जैसे-तैसे आग बुझाना शुरू किया था। शुक्र रहा कि सभी की जान बच गई।

राजस्व विभाग के संयुक्त सचिव को अवमानना नोटिस

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) ने आदेश के बाद भी तहसीलदार को कार्यग्रहण नहीं करवाने पर राजस्व विभाग के संयुक्त शासन सचिव सहित अन्य अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किए हैं। रेट के सदस्य प्रकाश चंद्र शर्मा व अतर सिंह नेहरा की बैंच ने यह आदेश झुंझुनूं तहसीलदार मुकेश कुमार की अवमानना प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

इसके साथ ही बैंच ने निर्देश दिए कि नोटिस के बाद भी कार्यग्रहण नहीं करवाने की स्थिति में राजस्व विभाग के संयुक्त शासन सचिव 4 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें। अपीलार्थी के वकील संदीप कलवानिया ने बताया- अधिकरण ने 22 अक्टूबर 2026 को एक अंतरिम स्टे आदेश पारित करके मुकेश कुमार के 2 अक्टूबर 2026 के ट्रांसफर आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। उन्हें वर्तमान पद पर ही कार्यरत रखने के निर्देश दिए थे। स्टे आदेश की पालना में मुकेश कुमार ने 23 अक्टूबर 2026 को कार्यग्रहण करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था।

चूरू में जिला परिषद चुनाव जीत के बाद जश्न, राठौड़ और कार्यकर्ता उत्साहित









अशोक गहलोत की एंट्री से प्रमिला बनी जिला प्रमुख: पूर्व सांसद ने RLP का समर्थन जुटाया; 7 करोड़ की प्रॉपर्टी-ट्रांसपोर्ट का बिजनेस

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर में जिला प्रमुख पद के लिए कांग्रेस की प्रमिला चौधरी ने भाजपा के उम्मीदवार लक्ष्मणराम चौधरी को हराकर जीत दर्ज की है। 20 नवंबर को रिजल्ट आने के बाद ही कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन को लेकर हलचल शुरू हो गई थी। कांग्रेस में जिला प्रमुख पद के लिए करीब सात सदस्यों ने दावेदारी जताई। कांग्रेस में प्रमिला चौधरी और कुसुम बिश्नोई का नाम प्रमुखता से सामने आया।

कुसुम बिश्नोई जोधपुर की ग्रामीण राजनीति के दिग्गज नेता रहे रामसिंह की पुत्रवधु हैं। कुसुम के पुत्र विक्रम बिश्नोई निवर्तमान उपजिला प्रमुख हैं। वहीं, प्रमिला चौधरी पाली से सांसद रहे बद्रीराम जाखड़ की रिश्तेदार हैं। प्रत्याशी चयन के लिए रेस शुरू हुई तो पार्टी के एक पक्ष ने कुसुम बिश्नोई का नाम आगे बढ़ाया। लेकिन मामला नंबर गेम पर आकर अटक गया। कुसुम को लूणी विधानसभा इलाके से चुने गए सदस्यों से समर्थन की उम्मीद थी। लेकिन यहां से निर्वाचित सात सदस्यों में से महेंद्र जाखड़ और विजयलक्ष्मी चौधरी ने खुद के लिए दावेदारी पेश की। बाकी इलाकों से भी उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला। ऐसे में कुसुम करीब आठ सदस्यों का ही समर्थन जुटा पाई। वहीं, प्रमिला चौधरी को लेकर दूसरा पक्ष इस बात पर अड़ा कि प्रमिला के अलावा किसी दसरे सदस्य को उम्मीदवार बनाए जाए। लेकिन दूसरे दावेदार भी पर्याप्त संख्याबल नहीं जुटा पाए। प्रमिला को जिले की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के बड़े नेताओं और उनके समर्थक जिला परिषद सदस्यों का साथ मिला। ऐसे में सबसे ज्यादा सदस्य उनके समर्थन में आ गए। यहीं से उनका नाम फाइनल होना शुरू हुआ।





आरएलपी का समर्थन और बद्रीराम जाखड़ का प्रभाव आया काम

प्रमिला चौधरी ने कांग्रेस सदस्यों के साथ-साथ आरएलपी का समर्थन भी जुटा लिया। ऐसे में उनकी दावेदारी और मजबूत हो गई। वहीं पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ ने जिले और प्रदेश के बड़े नेताओं से भी बातचीत कर प्रमिला के लिए समर्थन जुटाया। पिछले जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस से बद्रीराम जाखड़ की बेटी मुन्नी गोदारा भी जिला प्रमुख की दावेदार थी। बाद में लीला मदरेणा को उम्मीदवार बनाने के बाद पीछे हट गई थीं। ऐसे में जाखड़ के प्रति साहनुभूति फैक्टर भी काम आया।

गहलोत की एंट्री, फिर सहमति

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 23 नवंबर को जोधपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने विभिन्न नेताओं और दावदारों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि जिसके पास ज्यादा सदस्यों का समर्थन हो उसको उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। गहलोत ने पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, विधायक गीता बरवड़, पूर्व विधायक महेंद्र बिश्नोई, कांग्रेस नेता उम्मेद सिंह से मिलकर भी फीडबैक लिया। इसके बाद 24 नवंबर की शाम ओसियां से विधायक रही दिव्या मदेरणा उनसे मिलने पहुंची। दोनों के बीच करीब एक घंटे बातचीत चली। इसके बाद दोनों अपनी-अपनी गाड़ियों से बनाड़ इलाके में एक होटल में ठहरे सदस्यों से मिलने पहुंचे। दोनों ने सदस्यों को कांग्रेस की रीति-नीति पर संबोधित किया। रात एक बजे प्रमिला चौधरी के नाम पर आम सहमति बन गई। आम सहमति का असर चुनाव परिणाम में भी दिखा। कांग्रेस के विभन्न गुटों ने एकमत होकर वोटिंग की। कांग्रेस के 32, आरएलपी के तीन सदस्यों के साथ उन्हें भाजपा से भी एक वोट मिला। 43 सदस्यीय जिला परिषद में प्रमिला 36 वोट लेकर विजयी हुई।

पाली जिला परिषद

बीजेपी की सीता देवी जिला प्रमुख बनी, 19 वोट मिले

बोलीं- हम भी चौकीदार; कांग्रेस को 14 मत मिले



पाली की जिला प्रमुख भाजपा की सीता देवी होंगी। उन्हें 19 वोट मिले हैं। जबकि कांग्रेस की निरमा चौहान को 14 वोट मिले। दोनों पार्टियों से क्रॉस वोटिंग नहीं हुई है। बता दें कि नॉमिनेशन के समय सांसद सेवा केंद्र में बीजेपी के चौथाराम की नाराजगी को लेकर भाजपा नेता उन्हें अंदर ले गए। इस दौरान बाहर कांग्रेस के नेता पहुंचे और विरोध जताया। पाली विधायक भीमराज भाटी का आरोप है कि हम अंदर जाने के लिए दरवाजे खटखटाते रहे। अंदर भाजपा सार्वजनिक कार्यालय में पार्टी की गतिविधि करती रही। जिला प्रमुख बनीं सीता देवी ने कहा- मोदी जी भी चौकीदार हैं और हम भी चौकीदार हैं। गांव में विकास करवाएंगे।

अजमेर में जीत के बाद बेटी ने मां को गले लगाया, भावुक हुईं पूजा भंसाली

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

अजमेर जिला प्रमुख पद पर भाजपा की पूजा भंसाली की जीत के बाद जिला परिषद के बाहर जश्न का माहौल देखने को मिला। जीत के बाद पूजा भंसाली भाजपा के अन्य प्रत्याशियों के साथ जिला परिषद से बाहर निकलीं। इस दौरान उनकी बेटी ने उन्हें गले लगा लिया। पूजा भंसाली भी बेटी से गले मिलते समय भावुक नजर आईं। वहीं, मंत्री सुरेश रावत भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नई जिला प्रमुख पूजा भंसाली को जिला प्रमुख की नेमप्लेट सौंपी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर जीत का जश्न मनाया। आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान पूजा भंसाली के चेहरे पर जीत की खुशी के साथ भावुकता भी नजर आई। ब्यावर में बहुमत के बाद भी भाजपा की प्रत्याशी निर्मला देवी को 1 वोट से हार गईं। कांग्रेस प्रत्याशी ममता गुर्जर ने जीत दर्ज की। कांग्रेस के 13 जिला परिषद सदस्य और भाजपा के 14 सदस्यों ने मतदान किया। 1 सदस्य ज्यादा होने के बावजूद भाजपा यहां हार गई। बीकानेर में डॉ. बीडी कल्ला ने कहा- कांग्रेस की प्रत्याशी निकिता भारी बहुमत से जीतेगी। आप देख रहे हैं कि कैसे बीजेपी ने अपने फॉर्म विड्रो कर लिए। इसका मतलब कुछ तो परदे के पीछे चल रहा था।

चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस की रतनी जीतीं

चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस की रतनी देवी जिला प्रमुख बनीं। रतनी देवी को 28 वोट और बीजेपी की तुलसी बाई को 7 वोट मिले। जिला कलेक्ट्रेट में कार्यकर्ताओं डांस कर खुशी जताई।

सलूंबर में भाजपा सदस्य रोने लगीं



सलूंबर में भाजपा की जिला परिषद सदस्य सोनल मीणा ने पहले निर्दलीय पर्चा भरा। उनके भाई ने होटल में बंद करने का आरोप लगाया। इसके बाद सोनल मीणा ने अपना पर्चा वापस ले लिया, लेकिन मतदान करने के लिए पहुंची तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। आसपास मौजूद लोगों और साथियों ने उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बावजूद सोनल मीणा मतदान कक्ष तक पहुंचने के दौरान लगातार रोती रहीं।

उदयपुर जिला परिषद

भाजपा के हिम्मत सिंह जीते, लालसिंह को हराया

कांग्रेस सदस्यों में हुई क्रॉस वोटिंग



उदयपुर जिला परिषद में भारतीय जनता पार्टी के हिम्मत सिंह झाला जिला प्रमुख बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के लालसिंह झाला को पराजित किया। कुल 47 जिला परिषद सदस्यों में से भाजपा के हिम्मत सिंह को 27 और कांग्रेस के लालसिंह को 20 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के 22 वोट थे। एक बाप पार्टी का समर्थन वाला वोट भी था। भाजपा को 3 वोट ज्यादा मिले। कांग्रेस के खेमे में क्रॉस वोटिंग हुई है, जबकि कांग्रेस को बाप सदस्य समेत 23 वोट मिलना तय था। इससे पहले उदयपुर में जिला प्रमुख के लिए सुबह भाजपा ने हिम्मत सिंह झाला और कांग्रेस ने लालसिंह झाला को उम्मीदवार बनाया था।

सीकर जिला परिषद

क्रॉस वोटिंग हुई, कांग्रेस की सुनीता गठाला जीतीं

49 में से 33 वोट मिले; सुनीता रणवां को 16 वोट



सीकर में कांग्रेस की सुनीता गठाला जिला प्रमुख बन गई हैं। 49 में से सुनीता गठाला को 33 वोट मिले और उनकी प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सुनीता रणवां को 16 वोट मिले हैं। सीकर जिला परिषद की 49 सीटों में से कांग्रेस के 36 और भाजपा के केवल 11 सदस्य ही जीतकर आए हैं। कांग्रेस के 3 सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की है। एक निर्दलीय ने भी भाजपा के पक्ष में वोट दिया है। जिला प्रमुख सुनीता गठाला ने कहा कि इस बार एक किसान की बेटी को जिला प्रमुख बनाया गया है। इसके लिए में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं को और जिला परिषद सदस्यों को धन्यवाद देती हूं। गांवों की हर छोटी से छोटी समस्या को दूर करूंगी।

जालोर जिला परिषद

कांग्रेस के आसुराम देवासी बने जिला प्रमुख: 12 साल पार्टी जीती

भाजपा के हरदानाराम को 19 वोटों से हराया



जालोर जिले में 12 साल बाद फिर कांग्रेस का जिला प्रमुख बना हैं। यहां कांग्रेस के आसुराम देवासी नवनिवार्चित जिला प्रमुख बने, जिन्होंने भाजपा के हरदानाराम विश्नोई को 19 वोटों से हराया। दोपहर 3 से 5 तक हुई वोटिंग के बाद काउंटिंग हुई, जिसमें कांग्रेस के आसुराम देवासी को 31 वोट मिले और भाजपा के हरदानाराम विश्नोई को 12 वोट मिले।

सिरोही में कांग्रेस के गुमान सिंह देवड़ा बने जिला प्रमुख

भाजपा के गंगा सिंह राठौड़ को 17 वोटों से हराया



सिरोही में कांग्रेस के गुमान सिंह देवड़ा नवनिर्वाचित जिला प्रमुख बन गए है। उन्होंने भाजपा के गंगा सिंह राठौड़ को 17 वोटों से हराया। देवड़ा को कुल 22 वोट मिले, वहीं राठौड़ को 5 ही मत मिले। जिला प्रमुख का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिला परिषद की कुल 27 सीटों में से 22 सीट का कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत था, जबकि भाजपा को 5 सीटें मिली थी। सुबह 10 से 11 बजे तक नामांकन के बाद दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान होना था, लेकिन मतदान की प्रक्रिया शाम करीब 4:25 बजे ही पूरी हो गई, इसके तुरंत बाद मतगणना कर नए जिला प्रमुख का ऐलान गुमान सिंह देवड़ा के रूप में किया।

बीकानेर जिला प्रमुख बनी कांग्रेस की निकिता डूडी: 23 वोट मिले, बागी सरिता को 18 मत



बीकानेर जिला परिषद में कांग्रेस में बगावत के बावजूद कांग्रेस ने बोर्ड बना लिया है। कांग्रेस उम्मीदवार निकिता डूडी के सामने पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल की बेटी सरिता चौहान ने किया नामांकन था। वोटिंग में निकिता को 23 वोट मिले, जबकि सरिता को 18 वोट मिले। बता दें कि सरिता ने कांग्रेस पार्टी से नाराज होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा था। वहीं बीजेपी की धापू कंवर और निर्दलीय खड़ी हुई संतोष ने पर्चा उठा लिया था।

भीलवाड़ा में कांग्रेस के कैलाश मीणा की 17 वोटों से जीत, भाजपा के सुखालाल को 14 वोट मिलें



भीलवाड़ा में जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस के कैलाश मीणा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार सुखलाल गुर्जर को हराकर जिला प्रमुख का पद हासिल किया। कैलाश मीणा को 31 और सुखलाल गुर्जर को 14 वोट मिले। कैलाश मीणा 17 वोटों से जिला प्रमुख का चुनाव जीत गए।

नागौर जिला परिषद

RLP के पांचाराम बने जिला प्रमुख: निर्दलीय हारा

बेनीवाल बोले- भाजपा को तीसरे नंबर पर धकेला



नागौर जिला परिषद में जिला प्रमुख पद के चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) ने इतिहास रच दिया। पार्टी के प्रत्याशी पांचाराम जिला प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। यहां RLP के 19 सदस्य जीते थे, लेकिन पांचाराम को कुल 22 वोट मिले। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस सदस्यों ने भी उन्हें वोट दिया। जिला प्रमुख की कुर्सी हासिल करने के लिए RLP, भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी। सदस्यों की बाड़ाबंदी से लेकर मतदान तक राजनीतिक गतिविधियां लगातार चर्चा में रहीं। आखिरकार चुनाव परिणाम में पांचाराम ने जीत दर्ज कर नागौर जिला प्रमुख की कुर्सी हासिल कर ली।

कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, जैसलमेर जिला प्रमुख पद पर निर्विरोध चुनी गईं

21 साल की संतोष सबसे युवा जिला प्रमुख: चौथे चरण में चुनाव बना वरदान; पहले चरण में होतीं अयोग्य, 2 दिन कम थी उम्र

जैसलमेर में महज 21 साल की उम्र में संतोष कुमारी प्रदेश की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बन गई हैं। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वालीं संतोष को जैसलमेर जिला प्रमुख के पद पर निर्विरोध चुना गया है। खास बात यह है कि यदि जैसलमेर में पंचायत चुनाव पहले चरण में होते, तो नामांकन (13 अक्टूबर) के समय उनकी उम्र 21 साल से 2 दिन कम होती और वे नामांकन नहीं कर पातीं। यहां चौथे चरण (16 नवंबर) में हुए चुनाव के कारण ही वे नामांकन के लिए न्यूनतम आयु सीमा (21 वर्ष) पूरी कर पाईं। संतोष कुमारी की जन्म तिथि 15 अक्टूबर, 2005 है।

दरअसल, जैसलमेर में पंचायत चुनाव पहले चरण में होते, तो कम उम्र होने के कारण संतोष कुमारी नामांकन ही नहीं भर पातीं। चुनाव चौथे चरण में होने से उन्हें कुछ दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया और नामांकन (4 नवंबर) के वक्त उनकी उम्र 21 साल 19 दिन हो गई। अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए आरक्षित सीट को देखते हुए परिवार और कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम पर सहमति जताई और यही उनके लिए टर्निंग पॉइंट बन गया। परिजनों के अनुसार, संतोष ने राजनीति में आने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन हालात ऐसे बने कि वे चुनाव मैदान में पहुंच गईं। चुनाव का चरण बदला, उम्र की शर्त पूरी हुई, परिवार ने भरोसा किया और जनता ने उन्हें जीत दिलाई।



एकतरफा जीत के बाद निर्विरोध निर्वाचन

जैसलमेर जिला परिषद के कुल 21 वार्डों में से कांग्रेस ने 20 वार्डों में जीत हासिल कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। वार्ड नंबर 21 से चुनाव मैदान में उतरीं संतोष कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी को 6,137 मतों के बड़े अंतर से हराया। पार्टी के पास पूर्ण बहुमत होने के कारण जिला प्रमुख के चुनाव में किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया और संतोष निर्विरोध जिला प्रमुख चुन ली गईं।

ताऊ ने गोद लिया, 12वीं तक पढ़ाई की

संतोष कुमारी ने पोकरण से 12वीं क्लास तक की पढ़ाई की है। उनके पिता चौथाराम ग्राम सेवक हैं, लेकिन संतोष को उनके ताऊजी फकीराराम ने गोद लिया है। इसी कारण सरकारी दस्तावेजों में उनके पिता फकीराराम हैं। हालांकि संतोष अब पूरे जिले की पंचायतीराज व्यवस्था और विकास कार्यों की कमान संभालेंगी।

बाड़मेर जिला परिषद

पिता 7 बार विधायक रहे, अब बेटा बाड़मेर जिला प्रमुख

गफूर अहमद 10 वोटों के अंतर से जीते



बाड़मेर में 67 साल से जिला प्रमुख बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने इस बार भी गफूर अहमद को जिला प्रमुख की कुर्सी सौंप दी है। सात बार विधायक रहे स्वर्गीय अब्दुल हादी के बेटे गफूर अहमद 10 वोटों से चुनाव जीतकर जिला प्रमुख बने हैं। उनकी राजनीतिक शुरुआत सरपंच पद से हुई थी और वे चौहटन पंचायत समिति के प्रधान व उप जिला प्रमुख भी रह चुके हैं।

मृगला स्नान के लिए जागेरी धाम में श्रद्धालुओं का मेला



जूम न्यूज ▶▶| गजनेर

कोलायत में कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन मृगला स्नान के लिए हजारों श्रद्धालु जागेरी धाम पहुंचे। बुधवार सुबह 4 बजे से जागेरी सरोवर पर स्नान करने वालों की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालु बसों, टैक्सियों और निजी वाहनों से दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे। साधु-संतों ने दिनभर भजन-कीर्तन किया और श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

जागेरी धाम के महंत अशोकानंद गिरि और सेवादार चेतन राम नाई ने बताया कि मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के स्नान का पूरा फल मृगला स्नान के बाद ही मिलता है। उन्होंने बताया कि याज्ञवल्क्य ऋषि इस स्थान पर तपस्या किया करते थे। मान्यता के अनुसार, यहां एक मृग रहता था, जिसे अपने रूप और सींगों पर अहंकार था। एक दिन उसके सींग जाल के पेड़ में फंस गए। काफी प्रयास के बाद भी वह बाहर नहीं निकल पाया और भूख-प्यास से उसकी मृत्यु हो गई। धार्मिक कथा के अनुसार, अगले जन्म में उसी मृग ने गुजरात के एक बनिए के घर अंधे बालक के रूप में जन्म लिया। कथा के अनुसार, एक दिन भोजन में मूंग और मोठ देखकर बालक ने बताया कि ये राजस्थान के मगरा क्षेत्र के हैं। उसने पिता को पिछले जन्म की घटना बताई और कहा कि जागेरी में जाल के पेड़ के बीच उसके सिर का कंकाल फंसा हुआ है। बालक ने कंकाल को कपिल सरोवर में डालने पर आंखों की रोशनी लौटने की बात कही। पिता ने ऐसा ही किया और मान्यता के अनुसार कपिल मुनि की कृपा से बालक की आंखों की रोशनी लौट आई। इसके बाद बनिए ने कोलायत सरोवर के पास कपिल मुनि का मंदिर बनवाया। जागेरी धाम की गुफा में हिरण का मंदिर और पत्थर की प्रतिमा स्थापित है।

ब्रीफ न्यूज

ज्वेलरी शोरूम से सोने की 2 चेन चुराकर भागा चोर: ग्राहक बन आया था



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर के हल्दियों का रास्ता स्थित शारदा चेन शोरूम से 2 सोने की चेन चोरी का मामला सामने आया है। आरोपी ग्राहक बनकर शोरूम में आया था। आरोपी मौका पाकर शोरूम से चेन लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। घटना 12 नवंबर को शाम करीब 5 बजे माणकचौक थाना इलाके के हल्दियों का रास्ता स्थित शारदा चेन शोरूम की है। मामले में 23 नवंबर (सोमवार) को शोरूम मालिक दीपक महरवाल(49) निवासी देव चिरंजीव कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। SHO माणकचौक राकेश ख्यालिया का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़ित ने वारदात का सीसीटीवी भी उपलब्ध करवाया है, जिससे आरोपी को आईडेंटिफाई करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

चाकू मारकर मर्डर के मामले में तीसरी गिरफ्तारी हुई

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर शहर के जूनागढ़ की दीवार के पास हेड पोस्ट ऑफिस के सामने चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में कोटगेट थाना पुलिस ने बुधवार (25 नवंबर) को तीसरे आरोपी इब्राहिम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पहले दो आरोपियों सोहिल और अख्तर मालावत को गिरफ्तार किया था। आरोपी इब्राहिम बीकानेर के डूडी सिपाहियान गांव का रहने वाला है। कोटगेट थाना प्रभारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया- 5 नवंबर की रात हेड पोस्ट ऑफिस के सामने जूनागढ़ की दीवार के पास कुछ युवकों ने मामूली विवाद में अकरम पुत्र अख्तर अली पर हमला कर दिया था। 8 से 10 हमलावरों ने मिलकर उस पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अकरम को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां 6 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में 6 नवंबर को पुलिस थाना कोटगेट में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रवर्ती सिंह राठौड़ और वृत्ताधिकारी वृत्त नगर अनुज डाल के सुपरविजन में कोटगेट थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। पुलिस का कहना है कि मर्डर मामले में अभी कुछ और गिरफ्तारियां होनी हैं।



डीजे बंद करवाने गई पुलिस टीम पर हमला: SI समेत पुलिसकर्मियों से मारपीट, वर्दी फाड़ी

मोबाइल तोड़े; 12 लोगों पर नामजद FIR दर्ज

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर के खो नागोरियान थाना इलाके में पुलिस टीम के साथ मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि करीब एक दर्जन लोगों ने उपनिरीक्षक (SI) रामफूल और उनके साथ मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी। वहीं, पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिए गए। घटना 23 नवंबर (सोमवार) देर रात करीब 12 बजे की है। मामले में उपनिरीक्षक रामफूल की शिकायत पर 24 नवंबर (मंगलवार) को खो नागोरियान थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, उपनिरीक्षक रामफूल पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर मौजूद थे। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने समझाइश करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। आरोप है कि पुलिसकर्मियों के शरीर पर वर्दी और नेम प्लेट होने के बावजूद उनके साथ बार-बार मारपीट की गई। पुलिस टीम इलाके में डीजे बंद करवाने गई थी, जिसके बाद उनके साथ मारपीट कर दी गई।

वीडियोग्राफी करने पर छीना मोबाइल

परिवादी SI रामफूल के अनुसार, उन्होंने घटनाक्रम की फोटो और वीडियो बनाने के लिए अपने मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने का प्रयास किया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने खुद को फलाना हाजी बताते हुए उनका मोबाइल फोन छीन लिया और जमीन पर जोर से पटककर फरार हो गया। इसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने ईआर ड्राइवर और पुलिस मोबाइल वाहन-16 के ड्राइवर का मोबाइल फोन भी छीन लिया। आरोपियों ने पुलिस जाप्ते के साथ मारपीट करते हुए उनकी वर्दी भी फाड़ दी। मामले में उपनिरीक्षक रामफूल की शिकायत पर खो नागोरियान थाने में मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने कल्लू हाजी, शौकीन, मिशा, बाबू खान, कबीर खान, इकराम खान, मोहसिन, मिशा पुत्र कबीर और गद्दाम खान सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। FIR में परिवार के कुछ सदस्यों के नाम भी शामिल हैं। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

सुकड़ी नदी में अवैध खनन पर याचिका निस्तारित हुई

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने जालोर जिले की सुकड़ी नदी के बहाव और कैचमेंट क्षेत्र में अवैध बजरी खनन रोकने के लिए राज्य सरकार के कदमों पर संतोष जताया। कोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर दी।

चीफ जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद आदेश दिया। याचिकाकर्ता गंगासिंह ने अकोली, नून, डूडसी और साथू गांवों के आसपास सुकड़ी नदी से हो रहे अवैध बजरी खनन को रोकने की मांग की थी। कोर्ट के 18 अगस्त के निर्देशों के जवाब में राज्य सरकार ने बताया कि अवैध खनन रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। खनन, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें नियमित और औचक जांच कर रही हैं। नदी तल तक जाने वाले अवैध रास्ते बंद किए गए हैं।

सरकार के मुताबिक, वाहनों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए 2 सितंबर, 2026 के पत्र के आधार पर बॉर्डर होमगार्ड चेक-पोस्ट बनाई गई है। स्थानीय स्तर पर बजरी की वैध आपूर्ति के लिए 6 नए खनन प्लॉटों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है। ये प्लॉट फिलहाल पर्यावरणीय मंजूरी के चरण में हैं। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2026 के बीच चारों गांवों में अवैध खनन के खिलाफ 24 एफआईआर दर्ज हुईं और 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 25 वाहन और मशीनरी जब्त की गईं और 145 टन अवैध बजरी जब्त की गई।

पेट्रोल पंप पर खड़े सामान से भरे ट्रक में आग, जलते को मैदान में ले गया चालक

जूम न्यूज ▶▶| नागौर

शहर के ताऊसर रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बुधवार देर रात एक पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रांसपोर्ट के ट्रक में अचानक आग लग गई। पास ही पेट्रोल पंप होने से इलाके में बड़े हादसे की आशंका पैदा हो गई, लेकिन चालक ने जान की परवाह किए बिना सूझबूझ दिखाते हुए जलते ट्रक को खुले मैदान में पहुंचा दिया। खतरे को भांपते हुए चालक ने तुरंत स्टीयरिंग संभाला और जलते ट्रक को पेट्रोल पंप से दूर खाली स्थान पर ले गया। यदि ट्रक वहीं खड़ा रहता तो पेट्रोल पंप तक आग पहुंचने से भयावह स्थिति बन सकती थी। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, पर तब तक सामान जल चुका था।

कोतवाली के एसआई रामरतन के अनुसार आग के कारणों की जांच की जा रही है। लुधियाना से नागौर लाया गया था इलेक्ट्रॉनिक सामान, खिलौनेः कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार इस ट्रक लुधियाना से इलेक्ट्रॉनिक सामान, खिलौने, साइकिल और घरेलू उपयोग का सामान लेकर नागौर आया था। बुधवार दोपहर 3 बजे ट्रक ताऊसर रोड हाउसिंग बोर्ड स्थित पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ा किया था।

फर्जी कॉल सेंटर से ठगने वाले 26 आरोपियों को जेलः मास्टरमाइंड सहित 6 पुलिस रिमांड पर, एप्पल फोन वालों को निशाना बनाते थे

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट ने फर्जी कॉल सेंटर के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार कोर्ट में पेश किया। जहां से 26 आरोपियों को जेल भेज दिया गया। 6 आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इसमें सेंटर को चलाने वाला मास्टरमाइंड भी शामिल है।

बता दें कि 23 नवंबर सोमवार की रात SOG के इनपुट पर CST और बासनी थाना पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। टीम ने गली नंबर 6 में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर दबिश दी। जहां से बड़े इंटरनेशनल फ्रॉड कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई में 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि मौके से 36 कंप्यूटर और लैपटॉप, 22 मोबाइल फोन तथा 2 लक्जरी कारें जब्त की गई थी। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह हर महीने करीब 1.5 करोड़ रुपए की ठगी कर रहा था। फर्जी कॉल सेंटर के दो मुख्य संचालकों के नाम मौलिक पंड्या पुत्र प्रद्युम्न पंड्या (41) निवासी प्रहलाद नगर, अहमदाबाद, हरविजय सिंह



गोहिल, पुत्र विमल सिंह गोहिल (41) निवासी अहमदाबाद है। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक ठगी का तरीका बेहद सुनियोजित था। गिरोह के सदस्य अमेरिका के ग्राहकों को बल्क मैसेज भेजते थे, जिनमें लिखा होता था कि यदि उनके पास एप्पल फोन है तो उनके खाते से करीब 500 डॉलर की कटौती हो रही है और इसे रोकने के लिए दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। जैसे ही कोई पीड़ित कॉल करता, आरोपी तीन अलग-अलग लेयर में उससे बात करते थे—कॉलर टीम, एनालिसिस टीम और एग्जीक्यूटिव टीम। पीड़ितों को बातों के जाल में फंसाकर उनसे गिफ्ट कार्ड खरीदवाए जाते थे।

जांच में सामने आया है कि गिफ्ट कार्ड के जरिए ठगी की रकम के तार चीन से भी जुड़े थे और वहां तक पैसा ट्रांसफर किया जाता था, जिसके बाद कुछ राशि यूएसडीटी (USDT) के माध्यम से इनके पास पहुंचती थी।

नेटवर्क, शाम 6 बजे बाद होते थे सक्रिय

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिछले चार से पांच महीनों से बासनी थाना क्षेत्र में कॉल सेंटर की आड़ में यह फर्जीवाड़ा चला रहे थे। स्पेशल इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। चूंकि गिरोह मुख्य रूप से अमेरिका के लोगों को निशाना बनाता था, इसलिए यहां शाम 6 बजे के बाद काम शुरू होता था, जब अमेरिका में दिन का समय होता है।

लग्जरी फ्लैट, किराए के मकान तक पहुंची जांच

पुलिस को बासनी थाना क्षेत्र में एक लक्जरी फ्लैट की भी जानकारी मिली है, जहां से कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कुछ कर्मचारी एक अन्य मकान किराए पर लेकर रह रहे थे। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि जिस प्लॉट या परिसर में यह कॉल सेंटर चल रहा था, उसके मालिक के साथ क्या लीज एग्रीमेंट थे और क्या उसे इस अवैध गतिविधि की जानकारी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है और नेटवर्क से जुड़े हर पहलू की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

वनरक्षक भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाने वाला एजेंट गिरफ्तार, जालोर के युवक को दिलाई परीक्षा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर नौकरी हासिल करने के मामले में SOG ने 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी परीक्षा में मूल अभ्यर्थी की जगह डमी कैंडिडेट बैठाने में एजेंट की भूमिका निभा रहा था। वह पिछले 1 साल से फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान सौरभ मीणा उर्फ टिंकू मीणा (30) निवासी गांव निठार, थाना भुसावर, जिला भरतपुर के रूप में हुई है।

एडीजी SOG विशाल बंसल ने बताया कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में गड़बड़ी को लेकर SOG थाने में 26 सितंबर (शनिवार) 2025 को मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि मूल अभ्यर्थी भारत मीणा (28) निवासी निठार, भरतपुर की जगह डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार विश्नोई (29) निवासी सांचौर, जालोर ने परीक्षा दी थी। दिनेश कुमार को इस मामले में 24 अक्टूबर (शनिवार) 2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है।



प्राइवेट टैक्सी में बैठाकर भरतपुर ले गया था आरोपी

जांच में सामने आया कि सौरभ मीणा उर्फ टिंकू ने डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार विश्नोई को जयपुर के जगतपुरा से अपनी प्राइवेट टैक्सी में बैठाया और परीक्षा दिलवाने के लिए भरतपुर लेकर गया था। वहां उसने मूल अभ्यर्थी भारत मीणा की जगह दिनेश कुमार को वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में बैठाया था। सौरभ मीणा और मूल अभ्यर्थी भारत मीणा एक ही परिवार से हैं। डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार विश्नोई के साथ भी सौरभ लगातार संपर्क में था।

एक साल से दर्ज मामले में चल रहा था फरार

SOG की टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। आईजी अजयपाल लांबा ने बताया कि जांच अधिकारी एडिशनल एसपी सुभाष गादोड़ा की टीम ने 23 नवंबर को आरोपी सौरभ मीणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी का पीसी रिमांड प्राप्त कर लिया है। उससे पूछताछ कर भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने के नेटवर्क और अन्य लोगों की भूमिका के संबंध में डिटेल जांच की जा रही है।

जहरीली गैस से मजदूरों की मौत के बाद हंगामा

जूम न्यूज ▶▶| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा की RSWM फैक्ट्री में टैंक की सफाई के दौरान दो मजदूर भाइयों की मौत के बाद बुधवार 25 नवंबर को सुबह श्रमिकों ने फैक्ट्री के गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान काम पर पहुंचे अन्य मजदूरों को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। श्रमिक नेताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मौके पर हमीरगढ़ थाना पुलिस समझाइश कर रही है। दो मजदूर भाइयों की मौत के बाद बड़ी संख्या में श्रमिक फैक्ट्री के गेट के बाहर जमा हो गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के चलते दोनों भाइयों की जान गई।

जोधपुर में 9 एसी इलेक्ट्रिक बसें शुरू

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर में नगर निगम ने पीएम ई-बस सेवा में बुधवार से दो नए रूट पर एसी ई-बस शुरू की। पीएम ई-बस सेवा के तहत शहर में 9 नई इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। इन बसों के शुरू होने से शहर के दो प्रमुख रूट पावटा से अक्षरधाम और पावटा से पेप्सी चौराहे तक यात्रियों को परिवहन सुविधा मिलेगी।

महापौर प्रसन्न चंद मेहता ने पावटा से अक्षरधाम तक 4 नई इलेक्ट्रिक बसें और पावटा से पेप्सी चौराहे तक 5 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम आयुक्त राहुल जैन ने बताया- इससे पहले शहर में पीएम ई-बस सेवा के तहत 14 बसों का संचालन हो रहा था। अब नौ नई बसें जुड़ने के बाद



शहर में कुल 23 इलेक्ट्रिक बसें विभिन्न मार्गों पर दौड़ेंगी। इससे यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन के अधिक विकल्प मिलेंगे। शहर के अलग-अलग हिस्सों के बीच आवागमन आसान होगा। इन दोनों नए रूट पर यात्रियों को न्यूनतम 15 रुपए और अधिकतम 30 रुपए किराया देना होगा। पावटा से अक्षरधाम और पावटा से पेप्सी चौराहे तक निर्धारित स्टॉपेज से बसें संचालित होंगी।

तमिलनाडु ने न्यायालय में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की

दीपथून पर दीपम नहीं जलाने के लिए खेद जताया, क्षमा मांगी और कहा- मंदिर अधिकारियों ने प्रस्तावित दल को अधिकृत नहीं किया

सरकार ने कहा कि मंदिर अधिकारियों ने दीपम प्रज्वलित करने प्रस्तावित दल को अधिकृत नहीं किया था। तिरुपरनकुंद्रम स्थित पारंपरिक उचिपिल्लयार मंडपम में प्रज्वलित किया गया। भाजपा ने नाराजगी जाहिर की है और धमकी भी दी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित विवादित दीपथून में पारंपरिक दीपम नहीं जलाए जाने के लिए उच्चतम न्यायालय से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि दीपथून पर दीप प्रज्वलित नहीं किए जाने के लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं। इसके लिए अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। सरकार ने कहा कि मंदिर अधिकारियों ने दीपम प्रज्वलित करने प्रस्तावित दल को अधिकृत नहीं किया था। तिरुपरनकुंद्रम स्थित पारंपरिक उचिपिल्लयार मंडपम में प्रज्वलित किया गया।

सीमित दल को अनुमति दी थी

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष मदुरै के जिलाधिकारी निशांत कृष्णा ने अंतरिम स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। राज्य सरकार ने कहा कि प्रशासन ने शीर्ष अदालत के आदेश के कार्यान्वयन के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली थीं। सीमित दल को अनुमति दी थी।



अतिरिक्त स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करूंगा

राज्य सरकार की स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि मैंने सद्भावना के साथ अदालत के आदेश का पालन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। मेरी ओर से इस अदालत के किसी भी निर्देश की जान-बूझकर अवहेलना नहीं की गई है। मैं इस माननीय अदालत के आदेशों का अत्यंत सम्मान करता हूं और इसके द्वारा दिए जाने वाले प्रत्येक निर्देश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं सभी सहायक दस्तावेजों के साथ एक अतिरिक्त स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करूंगा।

तमिलनाडु सरकार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी : भाजपा

पेरंबलूर। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने बुधवार को कहा कि टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार की 'उल्टी गिनती शुरू हो गई है।' उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी की चोटी पर स्थित स्तंभ पर कार्तिगई महादीपम नहीं जलाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को 'कानूनी परिणाम भुगतने' की चेतावनी दी। नागेंद्रन ने कहा कि यह घटना केवल 'हिंदू विरोधी' नहीं है, बल्कि संविधान का भी उल्लंघन है।

सेंथिल मामला: सरकार बदलने से अभियोजन का रुख नहीं बदलता

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े 'कैश फॉर जॉब्स' मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार बदलने पर मुकदमों में अभियोजन का रुख और तरीका नहीं बदलना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सवाल उठाया कि सरकार बदलने के साथ मामलों की दिशा क्यों बदल जाती है? जस्टिस बागची ने कहा कि कार्यवाही टालने से कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा।

तमिलनाडु में 58,214 करोड़ के निवेश को 78 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को 78 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इनके तहत राज्य में कुल 58,214 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है। ये समझौते 'वेट्री इन्वेस्टमेंट एंड कन्वर्जन कॉन्क्लेव' में मुख्यमंत्री विजय की मौजूदगी में उद्योग, निवेश प्रोत्साहन एवं वाणिज्य विभाग की ओर से किए गए।

खबर संक्षेप

मंत्री रेड्डी ने नशा से दूर रहने का आह्वान किया

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मादक पदार्थों के खतरे के प्रति लोगों को जागरूक



करने बुधवार को हैदराबाद में तीन दिनी पदयात्रा शुरू की। रेड्डी ने युवाओं और अन्य लोगों से भारत को 'नशा मुक्त' बनाने में काम करने का आह्वान किया। समर्थन करने वालों में अभिनेता वेंकटेश ने हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय थे।

फतेहपुर में टक्कर में 3 लोगों की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और उसे



करीब 150 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस हादसे में एक महिला और उसकी 14 वर्षीय बेटी समेत 3लोगों की मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुसैनगंज इलाके में चांदीपुर और सरीला गांवों के बीच हुआ।

अमृतसर में तस्करी का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बताया कि उसने अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में



संलिप्त नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 9 पिस्तौल, 1.313 किलोग्राम हेरोइन, 60 हजार नकद और 13 कारतूस जब्त किए हैं।

15 दिसंबर से पहले संसद सत्र बुलाने के संकेत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने 15 दिसंबर से पहले संसद सत्र बुलाने की तैयारियां पूरी करने का निर्देश



दिया है। मंत्रियों को उससे पहले विदेश यात्रा न करने की सलाह दी है, जिसकी अंतिम तिथि संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति तय करेगी। सरकार परिसीमन से जुड़ा महिला आरक्षण विधेयक ला सकती है।

केंद्रीय कैबिनेट ने 5 अहम फैसलों को मंजूरी दी, मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

असम को मिलेगा नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साथ ही क्रेन-बुलडोजर का हब बनेगा भारत

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट बैठक में कई योजनाओं को स्वीकृति दी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें असम के सिलचर में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर भारत को क्रेन, बुलडोजर और टनल बोरिंग मशीनों का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की योजना शामिल है। इसके साथ ही कामराजार पोर्ट पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास और डाक विभाग की योजनाओं को जारी रखने का फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के इन फैसलों की जानकारी दी।

सिलचर स्थित डोलू में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण पर करीब 2,014 करोड़ खर्च किए जाएंगे। एयरपोर्ट का निर्माण एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आंतरिक संसाधनों से करेगी। प्रस्तावित एयरपोर्ट में 12,351 वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसके साथ ही 2,705 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार होगा।

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी कनेक्टिविटी का अहम केंद्र होगा

वैष्णव ने बताया कि एयरपोर्ट की पीक टाइम में 800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। इसमें 400 यात्री आने और 400 यात्री जाने वाले होंगे। वहीं, सालाना करीब 10.1 लाख यात्रियों के आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। नया एयरपोर्ट बराक घाटी के साथ मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी कनेक्टिविटी का अहम केंद्र बनेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ फल-सब्जियों जैसे खराब होने वाले सामान के हवाई परिवहन को भी मदद मिलेगी।



सिलचर में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

कामराजार पोर्ट पर बनेगा दूसरा कंटेनर टर्मिनल

कैबिनेट ने कामराजार पोर्ट लिमिटेड में दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत जीएसटी सहित 4,288.26 करोड़ होगी। इसके तहत 900 मीटर लंबा कंटेनर टर्मिनल बनाया जाएगा। इसका डिजाइन ड्राफ्ट 18 मीटर रखा गया है। परियोजना पूरी होने के बाद टर्मिनल की सालाना कंटेनर हैंडलिंग क्षमता 20 लाख टीईयू होगी। इससे बंदरगाह की क्षमता बढ़ेगी और देश में समुद्री माल परिवहन को मजबूती मिलेगी।

11,000 करोड़ की योजना

बुनियादी ढांचा उपकरणों का निर्माण केंद्र बनेगा, इससे आयात पर निर्भरता घटेगी

कैबिनेट ने भारत को निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरणों के निर्माण का बड़ा केंद्र बनाने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में क्रेन, बुलडोजर, एक्सकेवेटर और टनल बोरिंग मशीनों जैसे भारी उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाना है। वैष्णव ने कहा कि यह योजना 8 साल यानी वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक लागू रहेगी। इसके तहत 7 श्रेणियों के उपकरणों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें टनल बोरिंग मशीनें, ऑफ-हाइवे ट्रक, एक्सकेवेटर, क्रेन, लोडर, पाइलिंग रिग, ड्रिलिंग मशीनें शामिल हैं। इनमें से कई उपकरणों के लिए भारत अभी आयात पर निर्भर है। सरकार की योजना घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता कम करने और देश में रोजगार व औद्योगिक निवेश के अवसर बढ़ाने की है।

पोस्टल ऑपरेशंस से डाक विभाग सुधरेगा

कैबिनेट ने डाक विभाग की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दो योजनाओं को जारी रखने का फैसला किया है। पोस्टल ऑपरेशंस स्कीम के लिए 1,141 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। इसका उद्देश्य डाक नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना, पार्सल सेवाओं को मजबूत बनाना और ग्रामीण इलाकों तक डाक सुविधाओं की पहुंच बेहतर करना है।

कनेक्टिविटी, निर्माण को मिलेगा बढ़ावा

कैबिनेट के इन फैसलों में एयरपोर्ट और पोर्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ घरेलू विनिर्माण और डाक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। खासतौर पर 11,000 करोड़ की निर्माण उपकरण योजना से भारत में भारी मशीनों के उत्पादन को बढ़ावा देने की तैयारी है। वहीं, सिलचर एयरपोर्ट परियोजना पूर्वोत्तर राज्यों की कनेक्टिविटी के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

यूपी में कांग्रेस कहीं नहीं, सपा बोली

जो सीटें मिलें, स्वीकार करो सपा की बैसाखी पर चल रहे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा द्वारा यूपी की 5 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद कांग्रेस ने नाराजगी दिखाई है। कांग्रेस नेताओं के बयान पर सपा के सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि यूपी में जितनी सीटें मिल रही हैं, कांग्रेस को खुशी से स्वीकार कर लेनी चाहिए।

पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कहीं भी मजबूत नहीं है, वह सिर्फ सपा की बैसाखी पर वैतरणी पार करेगी। इसलिए कांग्रेस को गठबंधन में जीतनी सीटें मिलें, वह खुशी से स्वीकार करे और उन पर अपने प्रत्याशी घोषित करे।

मसूद पर भड़की सपा, कांग्रेस के सिंबल पर जनता वोट देना ही नहीं चाहती

सपा नेता मनीष जगन अग्रवाल ने इमरान मसूद पर निशाना साधा है।



उन्होंने कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठाए। मनीष ने दावा किया कि कांग्रेस के चुनाव चिह्न यानी हाथ के पंजे पर जनता वोट देना ही नहीं चाहती। अग्रवाल सपा के गोवा प्रभारी और पार्टी की व्यापार सभा के अध्यक्ष हैं।

एनडीए में भी दबाव बढ़ा

भाजपा और सहयोगी दलों ने चुनाव में ज्यादा सीटें पाने दबाव बनाना शुरू कर दिया है। अनुप्रिया पटेल की पार्टी, आरएलडी, सुभासपा और निषाद पार्टी अधिक सीटों पर लड़ना चाहती हैं। भाजपा के सामने सभी सहयोगियों को साथ लेकर चलने की चुनौती है।

मसूद बोले- राहुल की वजह से पटेल सांसद बने

पटेल के इस बयान पर इमरान मसूद ने कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे राहुल गांधी की वजह से सांसद हैं। पटेल जैसे बहुत लोग 2019 में भी



चुनाव लड़े थे। 2019 के बाद राहुल का चमत्कार है कि आप सांसद हैं। मसूद ने कहा कि आप सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दे, क्या फर्क पड़ता है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा है कि हमारा लक्ष्य तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने का होना चाहिए। दोनों पक्ष के नेताओं से निवेदन है कि एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरने व उत्तर प्रदेश की जनता को इस बुलडोजर वाली छात्र विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, दलित विरोधी मुस्लिम व पिछड़ा विरोधी तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने को प्राथमिकता दें।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

नई चेतना 5.0 शुरू, हिंसा मुक्त गांव को लेकर चतुष्पक्षीय समझौते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को नई दिल्ली के पूसा स्थित एनएएससी परिसर में 'नई चेतना : पहल बदलाव की' के 5वें संस्करण का शुभारंभ किया। यह अभियान लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक सहित मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा देशभर से आई महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण हिंसा मुक्त गांव पहल को लेकर हुआ चतुष्पक्षीय समझौता रहा।

65 साल की रिटायरमेंट उम्र से ही सीजेआई का कार्यकाल होता है तय, वरिष्ठता के आधार पर की जाती है नियुक्ति

फरवरी, 2027 में रिटायर हो जाएंगे मौजूदा सीजेआई सूर्यकांत

2027 में सुप्रीम कोर्ट देखेगा चार मुख्य न्यायाधीश, 25 साल में पहली बार होगा

- 7 महीने के लिए सीजेआई बनेंगे जस्टिस विक्रम नाथ
- 36 दिन के लिए बनेंगी जस्टिस बीवी नागरत्ना
- अक्टूबर, 2027 में सीजेआई बनेंगे जस्टिस नरसिम्हा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2027 में भारत चार मुख्य न्यायाधीशों (सीजेआई) का गवाह होगा। इनमें से एक तो मौजूदा सीजेआई सूर्यकांत ही हैं, जो 9 फरवरी 2027 को सीजेआई के पद से सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने शीर्ष अदालत में 6 साल और 7 महीने तक अपनी सेवाएं दी हैं। अपने इस कार्यकाल में, उन्होंने 1 साल और 2 महीने तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में काम किया है। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा एक-एक करके सीजेआई का पद संभालेंगे।



सीजेआई सूर्यकांत

एक-एक कर संभालेंगे सीजेआई पद



ज. विक्रम नाथ | ज. नागरत्ना | ज. नरसिम्हा

जस्टिस विक्रमनाथ 7 महीने तो नागरत्ना केवल 36 दिन के लिए होंगी सीजेआई

जब कोई जज सीजेआई बनता है, तब तक उनके पास बेंच पर काम करने के लिए केवल कुछ साल या महीने ही बचे होते हैं। 2027 में यह स्थिति साफ तौर पर देखी जा सकती है। सीजेआई सूर्यकांत के रिटायर होने के बाद जस्टिस विक्रमनाथ सितंबर 2027 तक यानी सात महीने के लिए सीजेआई रहेंगे।

अनुच्छेद 124 में संवैधानिक संशोधन की जरूरत

सीजेआई का कार्यकाल बढ़ाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124 में संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी चरण में एक निश्चित कार्यकाल लागू करने का मतलब यह होगा कि जो जज मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं, वे अपना यह अवसर खो देंगे। एक निश्चित कार्यकाल का अर्थ यह होगा कि सीजेआई सेवानिवृत्ति की आयु से बंधे नहीं होंगे।

38 लाख करोड़ की 1,800 से अधिक इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पर खर्च हुए 17 लाख करोड़

बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्रियान्वयन में तेजी लाने की कवायद

डिजिटल प्लेटफॉर्म 'पैमाना' के माध्यम से परियोजनाओं पर केंद्र की रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार 38 लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 1,800 से ज्यादा निर्माणाधीन केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी कर रही है। इन परियोजनाओं पर अब तक लगभग 17 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। यह कुल अनुमानित परियोजना लागत का 46.88 प्रतिशत है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय इन परियोजनाओं की निगरानी अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'पैमाना' के माध्यम से कर रहा है।

649 परियोजनाओं में 80 फीसदी से ज्यादा भौतिक प्रगति



एआई इमेज

मासिक रिपोर्ट में परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति को लेकर भी जानकारी दी गई है। कुल 649 परियोजनाओं ने भौतिक प्रगति के मामले में 80 प्रतिशत से अधिक का स्तर हासिल कर लिया है। 326 परियोजनाएं वित्तीय प्रगति के लिहाज से 80 प्रतिशत से अधिक का काम पूरा कर चुकी हैं। भौतिक प्रगति का अर्थ परियोजना के तहत निर्माण और अन्य निर्धारित कार्यों के पूरा होने से है।

790 मेगा परियोजनाओं पर चल रहा काम

रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी के दायरे में आने वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं में 790 मेगा परियोजनाएं शामिल हैं, जबकि एक हजार से अधिक परियोजनाएं मेजर यानी प्रमुख परियोजनाओं की श्रेणी में आती हैं। इन परियोजनाओं की विशाल संख्या और निवेश का आकार देश में बुनियादी ढांचा विकास के व्यापक विस्तार को दर्शाता है। सरकार इन परियोजनाओं के माध्यम से सड़क, रेल, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। इनका उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों के बीच संपर्क और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में 20 लाख करोड़ का निवेश

रिपोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इस क्षेत्र की परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 20 लाख करोड़ है। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार की बुनियादी ढांचा विकास रणनीति में कनेक्टिविटी और परिवहन नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। इन सुविधाओं के विस्तार से माल ढुलाई की लागत कम करने, यात्रा के समय में बचत करने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को गति देने में मदद मिलेगी।

वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों के खिलाफ

आज देशभर में संविधान रक्षा मार्च निकालेगी कांग्रेस पार्टी, खरगे लखनऊ में होंगे शामिल

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- बिहार में 65 लाख और तीन चरणों में 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जाने की आशंका
- वोट रक्षक अभियान के तहत बूथ स्तर पर मतदाता सूची की जांच करेगी कांग्रेस, हटाए गए मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने में करेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ अपना अभियान तेज करने का ऐलान किया है। कांग्रेस पार्टी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर देशभर में 'संविधान रक्षा मार्च' निकालेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित मार्च में शामिल होंगे। पार्टी ने इस आयोजन को संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपने राष्ट्रव्यापी अभियान का प्रमुख हिस्सा बताया है।



हर बूथ तक पहुंचेगा वोट रक्षक अभियान

संविधान रक्षा मार्च के साथ कांग्रेस ने अपने 'वोट रक्षक अभियान' को भी तेज करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता देशभर में प्रत्येक मतदान केंद्र तक पहुंचकर मतदाता सूचियों की जांच करेंगे। जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनकी पहचान कर उन्हें नाम दोबारा जुड़वाने और मतदान का अधिकार वापस पाने की प्रक्रिया में मदद की जाएगी।

मैंने इनका आधा प्रसाद खा लिया

अर्जुन कपूर पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। उनका नाम एक एक्ट्रेस के साथ काफी जुड़ रहा है और अब एक नई फोटो ने फिर दोनों को चर्चा में ला दिया है। अर्जुन कपूर काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। लेकिन, वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। साहिबा बाली के साथ अर्जुन का नाम काफी जोड़ा जा रहा है। इतना ही नहीं, अब साहिबा ने अर्जुन के साथ अपनी फोटो शेयर की है जिसके बाद फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं साहिबा ने अर्जुन के साथ अपना रिलेशन ऑफिशियल तो नहीं कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई



साहिबा ने अर्जुन के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर की है। लेकिन, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा वो था साहिबा का कैप्शन। साहिबा ने फोटो शेयर कर लिखा, 'मैंने इनका आधा प्रसाद भी खा लिया। हैप्पी गुरु पूरब'। इस फोटो के बाद फैंस कमेंट कर रहे हैं कि कहीं इसके जरिए दोनों अपना रिलेशनशिफ ऑफिशियली कन्फर्म तो नहीं कर रहे हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी साहिबा ने अर्जुन के साथ फोटो शेयर की थी लंदन के लॉर्ड क्रिकेट ग्राउंड से। दोनों ने साथ में भारत-इंग्लैंड का मैच देखा था। दोनों की यहां से भी काफी फोटोज वायरल हुई थीं। वहीं अर्जुन के बर्थडे पर साहिबा ने अर्जुन की फोटो शेयर कर लिखा था कि हैप्पी बर्थडे सबका बेस्टी। प्लीज अब और वजन मत कम करना और ज्यादा केक खाना। इस पर अर्जुन ने लिखा था कि तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं मुझे ज्वाइन करने के लिए। वहीं, पहले जब अर्जुन के साथ साहिबा का नाम जुड़ा था तब साहिबा ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि हर चीज पर विश्वास मत करो। इसके बाद उन्होंने डायरेक्टली कहा था कि ये कोई नेशनल न्यूज नहीं है और वह अर्जुन को डेट नहीं कर रही हैं। बता दें कि साहिबा का नाम अर्जुन से पहले कॉमेडियन समय रैना के साथ जुड़ा था।

हॉलीवुड मसाला

अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने किए मां बगलामुखी के दर्शन

आगर मालवा। आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में बुधवार दोपहर बॉलीवुड अभिनेता विवेक आनंद ओबेरॉय पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से मां के दर्शन-पूजन किए और विशेष हवन अनुष्ठान में आहुतियां दीं। इस दौरान उन्होंने सुख-समृद्धि और मंगलकामना के साथ माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने अभिनेता को आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी ओढ़ाई। उनके साथ मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा भी मौजूद रहे। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद दोनों समीप स्थित आश्रम पहुंचे। यहां विवेक ओबेरॉय ने पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर स्वामी संदीपेंद्र गिरी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया।



नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या मां बगलामुखी के इस सिद्धपीठ में देशभर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन और विशेष हवन-अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। अभिनेता के आने की जानकारी मिलने पर स्थानीय श्रद्धालुओं और प्रशंसकों में उत्साह रहा।



डूम्सडे के फाइनल ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। मार्वल की मच-अवेटेड फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का शानदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसने दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। इसके साथ रिलीज हुए फाइनल ट्रेलर ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इस ट्रेलर को अब तक 563 मिलियन यानी 56.3 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसी के साथ यह डिज्नी के इतिहास का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बन गया है। इससे पहले फिल्म के पहले टीजर ने रिलीज के 24 घंटे के अंदर 503 मिलियन व्यूज हासिल किए थे।

आमिर की 'ललकारा' के लिए बड़ी तैयारी, शुरू की ट्रेनिंग और डाइट

मुंबई। आमिर खान अपने हर किरदार में जान फूंक देते हैं। और एक बार फिर वो इसी राह पर निकल पड़े हैं। आमिर जल्द ही डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर की अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ललकारा' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग जनवरी 2027 में शुरू होने वाली है। लेकिन, इससे पहले ही आमिर खान ने अपनी कमर कस ली है। और फिल्म के लिए कड़ी ट्रेनिंग शुरू कर दी है।'ललकारा' की कहानी साल 1952 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेली गई पहली ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज पर बेस्ड है। इस फिल्म में आमिर खान इंडियन क्रिकेट टीम के पहले कप्तान लाला अमरनाथ का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड पर एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, अपने रोल में पूरी तरह ढलने के लिए आमिर न सिर्फ क्रिकेट की बारीकियां सीख रहे हैं। वो फिजिकल ट्रेनिंग ले रहे हैं।





बेटी की बहादुरी देख हैरान हुईं ग्लोबल स्टार

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपनी बेटी मालती मैरी को 'सबसे बहादुर बच्ची' कहा है। इसकी वजह यह है कि वह हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के एक चिड़ियाघर में गईं। यहां नन्ही मालती ने बिना डरे एक विशाल एनाकोंडा को सहलाया। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऑस्ट्रेलिया चिड़ियाघर में मालती के साथ बिताए एक मजेदार दिन की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों और वीडियो में एक पल ऐसा भी था, जिसमें मालती चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देखरेख में एक विशाल सांप के पास बैठी उसे प्यार से छूती हुई नजर आईं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीर शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, 'सबसे बहादुर बच्ची'। तस्वीर में मालती सफेद फ्लोरल ड्रेस और गुलाबी जूते पहने हुए उस विशाल सांप को छूने की कोशिश कर रही हैं।



'पुलिस कंपनी' में दिखेगा खूंखार अवतार

नई दिल्ली। राम गोपाल वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'पुलिस कंपनी' से बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान का फर्स्ट लुक रिवील हो गया है। फरदीन खान इस फिल्म में डॉन की भूमिका में नजर आने वाले हैं और सामने आई तस्वीर में वह नेवर सीन बिफोर वाले अवतार में दिख रहे हैं, जो उनके ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के एक गहरे और शक्तिशाली पहलू को दिखाता है। फरदीन के लुक के बारे में, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फरदीन ने इस किरदार को निभाने के लिए खुद में कई शारीरिक बदलाव किए हैं। सूत्र ने ये भी कहा कि उनका लुक उनके व्यक्तित्व का एक ऐसा पहलू दिखाता है जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है। बताया जा रहा है कि राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'पुलिस कंपनी' में फरदीन खान बिल्कुल अलग और नए अवतार में नजर आ रहे हैं।



हर्षवर्धन ने किया नई फिल्म का ऐलान

मुंबई। अभिनेता हर्षवर्धन राणे एक बार फिर म्यूजिक प्रोड्यूसर अंशुल गर्ग के साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई 'एक दीवाने की दीवानियत' के बाद हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग का दूसरा प्रोजेक्ट होगा। फिल्म का ऐलान कलाकारों ने एक पोस्ट शेयर कर दिया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस नई फिल्म की जानकारी दी। पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया गया है। इसमें हर्षवर्धन राणे और अंशुल गर्ग साथ बैठे अपनी अगली फिल्म को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में हर्षवर्धन इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हैं। वहीं, अंशुल गर्ग कहते हैं, 'चलो करते हैं।' इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी हो रही है।

टीवी मसाला



द ग्रेट इंडियन कपिल शो में साथ आएंगे मनोज-आशुतोष

नई दिल्ली। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आने वाले एपिसोड में अभिनेता मनोज बाजपेयी और आशुतोष राणा कई दिलचस्प किस्से शेयर करेंगे और एक-दूसरे के साथ मजाक करते दिखाई देंगे। शो का नया प्रोमो भी सामने आया है, जिसमें दोनों के बीच हिंदी भाषा को लेकर हुई मजेदार बातचीत देखने को मिल रही है। बुधवार को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आने वाले एपिसोड का प्रोमो जारी किया। इसे शेयर करते हुए प्लेटफॉर्म ने हिंदी में लिखा, 'यह तो हंसी का सिर्फ ट्रेलर है, असली मनोरंजन अभी बाकी है मेरे दोस्त। मनोज बाजपेयी और आशुतोष राणा को 28 नवंबर रात 8 बजे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'।' प्रोमो की शुरुआत में कपिल शर्मा बताते हैं कि दोनों कलाकारों को शो में एक साथ लाना कितना मुश्किल था। वह कहते हैं, 'ये इतने बिजी रहते हैं कि इन्हें साथ लाने में हमें दो महीने लग गए।' इसके बाद बातचीत आशुतोष राणा की ओर मुड़ जाती है। कपिल बोलते हैं, 'आशुतोष सर की एक खासियत है कि ये जिस भी किरदार को करते हैं, उसके बारे में पहले अच्छी तरह से जानते हैं। कई तो यह भी बोल रहे थे कि रावण को मंदोदरी से ज्यादा आप जानते हैं।' कपिल की यह बात सुनकर आशुतोष और वहां मौजूद बाकी लोग हंसने लगते हैं। इसके बाद बातचीत उस समय और मजेदार हो जाती है, जब मनोज बाजपेयी आशुतोष राणा के बारे में एक दिलचस्प बात बताते हैं। अपने दोस्तों के जवाबों को याद करते हुए मनोज बताते हैं कि जब भी कोई कहता है, 'सॉरी यार, मेरी हिंदी इतनी अच्छी नहीं है', तो आशुतोष तुरंत पूछते हैं, 'ये लज्जित होने वाली बात है या गर्व करने वाली बात है?' दोनों के बीच यह बातचीत उनकी अच्छी दोस्ती और आपसी तालमेल की झलक दिखाती है।

'ओ साथी रे' में दिखाई देंगे रिश्तों के अलग रंग

नई दिल्ली। इम्तियाज अली की आगामी वेब सीरीज 'ओ साथी रे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज लव ट्रायंगल पर आधारित है। इसमें रिश्तों के अलग रंग-रूप देखने को मिलेंगे। यह सीरीज मोहब्बत, रिश्तों और भावनाओं पर आधारित है। इम्तियाज अली की यह सीरीज दिसंबर में ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। 'ओ साथी रे' के नाम से ही साफ है कि यह रोमांटिक लव स्टोरी सीरीज है। इसमें भावनाओं का एक पेचीदा मोड़ दिखाया गया है। सीरीज के ट्रेलर की शुरुआत शायराना अल्फाजों के साथ होती है। शुरुआत रोशनी (अदिति राव) और करण (अविनाश) की मोहब्बत से होती है। रोशनी को करण बेहद पसंद करता है। इजहार-ए-मोहब्बत होता है। शादी भी हो जाती है।



इन 3 हसीनाओं ने भारत को दिलाया था मिस यूनिवर्स का ताज, बॉलीवुड में बस 1 ही बना पाई नाम

नई दिल्ली। मिस यूनिवर्स 2026 का ग्रैंड फिनाले प्यूर्टो रिको में हुआ। जिसमें भारत की काजिया लिज मेजो भी शामिल थीं। उम्मीद थी कि इंडिया की सुंदरी काजिया के सिर ताज सजेगा और भारत को 2021 के बाद एक और खिताब मिलेगा। पर यह खिताब प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो के नाम हुआ। भले ही इस बार भारत मिस यूनिवर्स का खिताब नहीं जीत पाया है। लेकिन, इससे पहले भारत की तीन हसिनाओं ने ये खिताब अपने नाम किया है। 75वें मिस यूनिवर्स का खिताब इस बार प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो ने जीता है। 24 नवंबर को प्यूर्टो रिको में पेजेंट का ग्रैंड फिनाले हुआ। मिस यूनिवर्स 2026 में 116 देशों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया था। इसमें भारत भी शामिल है। भारत से केरल की 19 साल की काजिया लिज मेजो ने पार्टिसिपेट किया था। लेकिन, अफसोस वो टॉप 30 तक पहुंच कर बाहर हो गईं और भारत का मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने का सपना टूट गया। अब तक भारत ने सिर्फ 3 बार ही मिस यूनिवर्स का जीता है। भारत ने पहली बार 1994 में मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। सुष्मिता सेन ये ताज जीत कर भारत की पहली मिस यूनिवर्स बन गई थीं।



सुष्मिता ने बॉलीवुड में कमाया नाम

ब्यूटी विद ब्रेन वाली लाइन सुष्मिता सेन पर एक दम सटीक बैठती है। उन्होंने भारत को पहला मिस यूनिवर्स का खिताब जीताया था। वहीं, बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई। सुष्मिता सेन ने पेजेंट जीतने के बाद हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। उन्होंने खिताब जीतने के 2 साल बाद 1996 में फिल्म दस्तक से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, फिल्म को उतना अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल पाया था। इसके बाद उनकी तमिल फिल्म रत्चगन (1997) और हिंदी फिल्म जोर (1998) आई। लेकिन, उन्हें बड़ी सफलता बीवी नंबर 1 (1999) से मिली थी। इस फिल्म में सुष्मिता सलमान खान के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के बाद सुष्मिता के हाथ कई बड़ी फिल्में लगीं और उन्होंने अपनी एक्टिंग से सभी को अपना दीवाना बना लिया।

लारा और हरनाज का नहीं चला जादू

लारा दत्ता ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्म 'अंदाज में काम किया था। प्रियंका चोपड़ा ने भी मिस वर्ल्ड जीतने के बाद इस फिल्म से डेब्यू किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। लेकिन, जहां प्रियंका इस फिल्म के बाद स्टार बन गईं। लारा ने भी कई फिल्मों में काम किया, लेकिन उन्हें वो सफलता नहीं मिल पाई। हरनाज संधू बॉलीवुड में कदम रखे अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। उन्होंने हिंदी और पंजाबी दोनों फिल्मों में काम किया है। बागी 4 एक्ट्रेस की पहली फिल्म थी। हालांकि, उन्हें फिल्म से उतनी सफलता नहीं मिली। इसके बाद चर्चा आई थी कि हरनाज किसी बीमारी से भी जूझ रही हैं, जिसके बाद उनका वजन काफी ज्यादा बढ़ गया था।

पाकिस्तानी सीरीज 'जो बचे हैं संग समेट लो' का ट्रेलर रिलीज़

नई दिल्ली। फवाद खान, माहिरा खान, सनम सईद, हानिया आमिर और हमजा अली अब्बासी समेत कई दिग्गज सितारों वाली पाकिस्तानी सीरीज 'जो बचे हैं संग समेट लो' का ट्रेलर आ गया है। ये पाकिस्तान की पहली नेटफ्लिक्स सीरीज है। इस सीरीज का ऐलान तो साल 2023 में ही हो गया था, अब ये फाइनली बनकर रिलीज के लिए तैयार है। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इस सीरीज का 3 मिनट से लंबा ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज किया है। सीरीज का ये पहला पार्ट है और नेटफ्लिक्स ने बताया है कि दूसरा पार्ट भी जल्द आएगा।'जो बचे हैं संग समेट लो' का निर्देशन मोमिना दुरैद ने किया है। सीरीज फरहत इश्तियाक की बेस्ट सेलिंग नोवेल पर बेस्ड है। सीरीज में तीन देशों की तीन पीढ़ियों के 6 कपल की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें प्यार भी होगा, दर्द भी होगा और जिंदगी के उलझे धागे भी। ट्रेलर में अलग-अलग जोड़ियों की कहानियों को दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत फवाद खान और सनम सईद के किरदारों से होती है। फवाद और सनम की दुनिया अलग है। इसके बाद एंट्री होती है माहिरा खान, अहमद अली अकबर और बिलाल अशरफ की। इसी तरह धीरे धीरे अन्य सभी किरदारों की एंट्री उनकी कहानी की झलक के साथ दिखाई जाती है। आगे फवाद खान 'खान साब' बने नजर आते हैं। उनकी इस दुनिया में इज्जत के लिए लोगों की जान ले ली जाती है। सीरीज में इकरा अजीज की जोड़ी अहद रजा मीर (सिकंदर) के साथ बनी है। वहीं, हानिया आमिर की जोड़ी खुशहाल खान के साथ बनी है और उनका रिश्ता टॉक्सिक है।



द ओडिसी सहित हालीवुड की कई फिल्मों से होगा मुकाबला

'रामायण' ने ऑस्कर में बनाई जगह, विजुअल इफेक्ट्स की टॉप 20 में शामिल

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की स्टारर फिल्म 'रामायण' के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। नमित मल्होत्रा की इस मेगा बजट फिल्म ने 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर की 'बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स' कैटेगरी की टॉप 20 फिल्मों में जगह बना ली है। इस लिस्ट में फिल्म का मुकाबला हॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों से होगा। इनमें क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी', डेनिस विलेन्यूवे की 'इयूनः पार्ट थी' और 'एवेंजर्सः डूम्सडे' जैसी फिल्में शामिल हैं। इससे पहले 'रामायण' 32वें एनुअल क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स की दो कैटेगरी की शॉर्टलिस्ट में भी जगह बना चुकी है। ऐसे में फिल्म के लिए यह एक और अहम उपलब्धि मानी जा रही है। 'रामायण' ने 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स की 'बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स' कैटेगरी की टॉप 20 फिल्मों में जगह बनाई है। इस लिस्ट में कुल 20 फिल्मों को शामिल किया गया है। हालांकि, एकेडमी आमतौर पर यह टॉप 20 लिस्ट पब्लिकली जारी नहीं करती है। रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी की विजुअल इफेक्ट्स ब्रांच ने वोटिंग के अगले राउंड में पहुंचने वाली 20 फिल्मों के मेकर्स को इसकी जानकारी दी है।

इन हॉलीवुड फिल्मों से होगा 'रामायण' का मुकाबला

ऑस्कर की इस लिस्ट में 'रामायण' के साथ हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्में शामिल हैं। इनमें क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी', डेनिस विलेन्यूवे की 'इयूनः पार्ट थी', स्टीवन स्पीलबर्ग की 'डिस्क्लोजर डे', एलेजांद्रो इनारितु की 'डिगर' और डीसी स्टूडियो की 'सुपरगर्ल' शामिल हैं। इसके अलावा मार्वल की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' भी इस लिस्ट का हिस्सा हैं। यानी विजुअल इफेक्ट्स के मामले में 'रामायण' को कई बड़े हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स से मुकाबला करना होगा।

'इयून' और क्रिस्टोफर का रहा है शानदार रिकॉर्ड

विजुअल इफेक्ट्स के मामले में डेनिस विलेन्यूवे की 'इयून' फ्रेंचाइजी का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। 'इयून' और 'इयूनः पार्ट टू' दोनों ही फिल्मों ने बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स कैटेगरी में ऑस्कर जीता है। वहीं, क्रिस्टोफर नोलन भी इस कैटेगरी में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी फिल्में 'इंसेप्शन', 'इंटरस्टेलर' और 'टेनेट' इस कैटेगरी में तीन ऑस्कर जीत चुकी हैं। दूसरी ओर, मार्वल की 14 फिल्में पहले इस कैटेगरी में नॉमिनेशन हासिल कर चुकी हैं, लेकिन उनमें से कोई भी ऑस्कर नहीं जीत पाई।



21 जनवरी को जारी होगी फाइनल शॉर्टलिस्ट

99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए शुरुआती वोटिंग 7 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद एकेडमी 15 दिसंबर को ऑफिशियल शॉर्टलिस्ट जारी करेगी। वहीं, ऑस्कर के फाइनल नॉमिनेशन की घोषणा 21 जनवरी 2027 को की जाएगी।

'आरआरआर' भी बना चुकी है टॉप 20 में जगह

इससे पहले एसएस राजामौली की फिल्म 'RRR' भी ऑस्कर की बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स कैटेगरी की टॉप 20 लिस्ट में शामिल हुई थी। हालांकि, फिल्म को इस कैटेगरी में फाइनल नॉमिनेशन नहीं मिला था। लेकिन 'RRR' ने 95वें एकेडमी अवॉर्ड्स में इतिहास रच दिया था। फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर मिला था।



इशांत शर्मा-नीतीश राणा समेत भारत के लिए खेले 7 खिलाड़ी अनकैप्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2027 ऑक्शन के लिए जिन 1220 खिलाड़ियों ने नाम रजिस्टर कराया है उनमें सात नाम ऐसे हैं, जो इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं मगर अब अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने नाम भेजे हैं। इनमें इशांत शर्मा का नाम प्रमुख है।

वे आईपीएल 2027 ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर शामिल होंगे। बीसीसीआई की ओर से आईपीएल 2025 से पहले बदले गए नियम गए के चलते यह ऐसा कर सके हैं। इशांत शर्मा पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे। हालांकि उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। इशांत शर्मा के अलावा संदीप वॉरियर, चेतन साकरिया, नवदीप सैनी, नीतीश राणा, मयंक मार्कंडे और मनदीप सिंह ने आईपीएल 2027 ऑक्शन के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर नाम रजिस्टर कराया है।

आईपीएल 2027 के लिए 16 दिसंबर को गोवा में ऑक्शन





कैप्ड भारतीय बन सकते हैं अनकैप्ड खिलाड़ी

आईपीएल अनकैप्ड खिलाड़ी नियम के तहत, एक भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड माना जाएगा, जिसने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है या पिछले पांच साल से वह बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट में नहीं है। इसका मतलब है कि जिस भारतीय खिलाड़ी ने कोई इंटरनेशनल मैच न खेला हो या अगर किसी ने खेला है तब भी उसे इंटरनेशनल मैच खेले हुए पांच साल हो चुके हैं तब वह ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर शामिल हो सकता है।

अनकैप्ड' खिलाड़ियों में आर्यवीर सहवाग



वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर 16 दिसंबर को आईपीएल खिलाड़ियों की नीलामी के लिए रजिस्टर्ड 994 'अनकैप्ड' (जिन्होंने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है) खिलाड़ियों में शामिल है। आर्यवीर और मोहित उत्का 30 लाख रुपए की बेसप्राइज के साथ अपना नाम रजिस्टर्ड करा चुके हैं। दोनों ओमान में हाल ही में हुए अंडर 19 एशिया कप में भारत की जीत के सूत्रधार थे। आर्यवीर 361 रन बनाकर प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे थे। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड और झाय रिचर्डसन भी सीमित उपलब्धता के साथ नीलामी में शामिल हैं। बोलैंड ने 2016 में आईपीएल में दो मैच खेले थे। वह एक करोड़ रुपए की बेसप्राइज के साथ रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं लेकिन पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वहीं 2021 से पहले पंजाब किंग्स की ओर से 14 करोड़ रुपए में खरीदे गए रिचर्डसन दो करोड़ की बेसप्राइज के साथ उपलब्ध है लेकिन आधा टूर्नामेंट ही खेल पाएंगे। वह आस्ट्रेलिया के लिये सारे प्रारुपों में खेल चुके हैं।

आस्ट्रेलिया के 53, दक्षिण अफ्रीका के 40 खिलाड़ी

आईपीएल 2027 नीलामी के लिए 17 देशों के 281 विदेशी क्रिकेटरों के नाम आए हैं, जिनमें से आस्ट्रेलिया के 53 और दक्षिण अफ्रीका के 40 खिलाड़ी हैं। बीसीसीआई ने बताया कि वेस्टइंडीज के 36 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उसके बाद न्यूजीलैंड (25), अफगानिस्तान (23), श्रीलंका (21), इंग्लैंड (16) और बांग्लादेश (12) के खिलाड़ी हैं। आयरलैंड के 7 और जिम्बाब्वे के 6 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। एसोसिएट देशों में अमेरिका के 13, यूएई और नेपाल के 10-दस, नीदरलैंड के तीन, कनाडा, जापान और स्कॉटलैंड के 2-दो खिलाड़ियों के नाम दर्ज हुए हैं। 17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ियों के अलावा भारत के 939 खिलाड़ियों समेत कुल 1220 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। टीमों ने नीलामी से पहले 184 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है या चुना है जिससे 25 विदेशी समेत कुल 66 स्लॉट ही उपलब्ध हैं। नीलामी की अंतिम सूची 4 दिसंबर को जारी होगी।

खबर संक्षेप



आईएल टी20 : गल्फ जाइंट्स ने एमिरेट्स को दी मात

दुबई। शामार जोसेफ और डेविड वीसे के 3-तीन विकेट की मदद से गल्फ जाइंट्स ने डीपी वर्ल्ड आईएल टी20 टूर्नामेंट में मंगलवार को मुंबई इंडियंस एमिरेट्स को छह विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस एमिरेट्स को 19.3 ओवर में 91 रन पर आउट करने के बाद गल्फ जाइंट्स ने 13.5 ओवर में चार विकेट पर 93 रन बनाए। इब्राहिम जदरान 50 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले जोसेफ ने नौ और वीसे ने 19 रन देकर 3-3 विकेट लिए। मुंबई के लिए निकोलस पूरन ने 34 गेंद में सर्वाधिक 23 रन बनाए।

डेविस कप : चेक गणराज्य ने कनाडा को हराया



बोलोगना। चेक गणराज्य ने डेविस कप टेनिस क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया, जिसमें जिरि लेहेका ने फेलिक्स आगर एलियासिमे को 7-6, 6-2 से मात दी। 14वीं रैंकिंग वाले लेहेका ने पहले सेट में मिली चुनौती का डटकर सामना किया और दूसरे सेट में फेलिक्स को कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले 60वीं रैंकिंग वाले टोमास माचाक ने 165वीं रैंकिंग वाले लियाम ड्राक्सल को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया। अब चेक गणराज्य का सामना इटली या दक्षिण कोरिया से होगा। वहीं अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में स्पेन की टक्कर आर्स्ट्रिया से और जर्मनी की ब्रिटेन से होगी।

जहीर खान शुरू करेंगे टी20 लीग 'इक्वल'



नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की एंकर स्पोर्टस एबी और जर्मन क्रिकेट महासंघ मिश्रित लिंग टी20 टूर्नामेंट 'इक्वल' शुरू करेंगे, जिसमें 5 टीमें होंगी और यह अगले साल अगस्त में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में पहली बार महिला और पुरुष पेशेवर क्रिकेटर टी20 प्रारुप में साथ में खेलेंगे। जहीर ने कहा ,' क्रिकेट में लोगों को साथ लाने की ताकत है और यूरोप में जिस तरह से इसके बाजार का विस्तार हो रहा है, यह इस पर निर्भर करेगा कि हम व्यापक दर्शकों तक खेल को कैसे पहुंचाते हैं।' उन्होंने कहा , ' इसके लिए इक्वल जैसी पहल महत्वपूर्ण है, जिसमें महिला और पुरुष क्रिकेटर भागीदारी करके खेल के विकास का हिस्सा बनेंगे।'

एशिया कप राइजिंग स्टार्स : सेमीफाइनल मुकाबला आज

श्रीलंका के खिलाफ भारत ए को दिखाना होगा 'टीम गेम', वैभव से फिर उम्मीदें

एजेंसी ▸▸ दोहा

रिकॉर्ड तोड़ दोहरा शतक जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी पर सभी की नजरें रहेंगी लेकिन भारत ए को श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को एशिया कप राइजिंग स्टार्स सेमीफाइनल में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के लिए आयुष बडोनी का खराब फॉर्म चिंता का विषय है, जिन्होंने दो रन बनाने के बाद पिछले मैच में खाता भी नहीं खोला। रिंकू सिंह भी 9 और 6 रन ही बना सके। ऐसे में कप्तान तिलक वर्मा पर दबाव बढ़ गया है, जिन्होंने दो मैचों में शतक लगाए लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 100 रन बनाने में 149 गेंदें खेल डाली। उन्हें अपना स्ट्राइक रेट बेहतर करना होगा। भारतीय तेज गेंदबाजों हर्षित राणा और प्रिंस यादव ने 7-7 विकेट लिए हैं लेकिन महंगे भी साबित हुए। भारत भले ही अपने सितारा खिलाड़ियों के साथ उतरा हो लेकिन वे अपनी क्षमता का पूरा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।



संभावित टीम

भारत ए : तिलक वर्मा (कप्तान), कुमार कुशाग्र, प्रभसिमरन सिंह, वैभव सूर्यवंशी, रिंकू सिंह, अभिषेक शर्मा, आयुष बडोनी, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, शाहबाज अहमद, सूर्यांश शेडगे, अर्शद खान, हर्षित राणा, विपराज निगम, प्रिंस यादव।

श्रीलंका : पवन रत्नायके (कप्तान), लसिथ क्रूसपुले, निशान मदुश्का, निपुन धनंजय, एस षणमुगनाथन, सिनेथ जयवर्धने, रविंदु फर्नांडो, चमिका हीनातिगाला, जनिथ लियानागे, वानुजा साहन, लाहिरू समराकून, दुविंदु रणतुंगा, दुलाज समुदिता, गारूका संकेत, विजयकांत वियासकांत।

मैच का समय : दोपहर 3 . 30 से

टूर्नामेंट में अपराजेय श्रीलंका

दूसरी ओर श्रीलंका टूर्नामेंट में अपराजेय रही है। श्रीलंका के निशान मदुश्का, लसिथ क्रूसपुले और कप्तान पवन रत्नायके ने बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं वानुजा साहन भी काफी उपयोगी खिलाड़ी साबित हुए हैं।

युवराज सर के साथ बातचीत से खामियां हुई दूर: सूर्यवंशी

भारतीय क्रिकेट के 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी ने बताया कि एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से पहले अपने आदर्श युवराज सिंह से फोन पर 30 मिनट की बातचीत से उन्हें अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करके फिर से फोकस करने में मदद मिली। 15 वर्ष के सूर्यवंशी ने 53 गेंद में 204 रन बनाए, जिसमें 28 छक्के और 7 चौके शामिल थे। सूर्यवंशी ने कहा कि पिछले दो मैचों में औसत प्रदर्शन से उनका फोकस भटक गया था लेकिन युवराज सिंह से बात करने के बाद सब सही हो गया। उन्होंने कहा ,' मैंने करीब आधे घंटे तक युवराज सिंह सर से बात की। उन्होंने बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ बताया। मैं कुछ चीजों को लेकर चिंतित था और मैंने उनसे खुलकर बात की कि मुझे ये दिक्कत आ रही है।' उन्होंने कहा,' करीब आधे घंटे तक उन्होंने मुझे बहुत कुछ समझाया। उन्होंने यही कहा कि अगर मैं 20 गेंद खेल गया तो स्कोर बहुत अलग होगा। उन्होंने तकनीकी चीजों के बारे में भी बताया, जिससे काफी मदद मिली।'

युवी सर की बात पर किया अमल

सूर्यवंशी ने कहा कि विकेट बल्लेबाजों की मददगार थी और कुछ गलतियों को नहीं दोहराकर उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली। उन्होंने कहा,' मैंने कुछ गेंदों को ध्यान से देखा और गेंद बल्ले पर आराम से आ रही थी, जिसके बाद मैंने अपना स्वाभाविक खेल दिखाया।' उन्होंने कहा,' यह आसान नहीं था। मैं अपने पिछले घरेलू मैच में भी रन नहीं बना सका था।

सैयद मोदी टूर्नामेंट

त्रीसा-गायत्री ने जीत के साथ किया अभियान का आगाज



एजेंसी ▸▸ लखनऊ

गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

दोनों ने पहले दौर का मुकाबला आसानी से जीतकर लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीदों को मजबूत किया। इसके टूर्नामेंट के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी शानदार रहा। त्रीसा और गायत्री ने क्वालीफायर रश्मि गणेश और अमृता प्रमथेश को महज दो गेम में 21-8, 21-7 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में जगह बनाई। तन्वी शर्मा, तान्या हेमंत, इशारानी बरुआ और तस्नीम मीर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर महिला एकल के अगले दौर में प्रवेश किया।

तान्या ने देविका को हराया

तान्या ने पहले दौर के भारतीय मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त और थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग को 21-14, 18-21, 21-16 से हराया। तस्नीम ने मालविका बंसोड़ को सीधे गेम में 21-17, 21-12 से मात दी। दूसरी वरीय तन्वी शर्मा को भी अगले दौर में पहुंचने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। मलेशिया की गोह जिन वेई ने पहले गेम में 1-2 से पिछड़ने के दौरान मुकाबले से हटने का फैसला किया, जिससे तन्वी को विजेता घोषित किया गया। आठवीं वरीय इशारानी बरुआ ने इंडोनेशिया की थालिता रामाधानी विरयावन को 21-12, 25-23 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। महिला एकल के पहले दौर में हार का सामना करने वाली भारतीय खिलाड़ियों में आकर्षी कश्यप, मानसी सिंह भी शामिल रहीं।

आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस

आयरलैंड को हराकर श्रीलंका ने जीता खिताब



एजेंसी ▸▸ अजमान

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण था। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम 19.3 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। आयरलैंड की तरफ से अलाना डलजेल ने सबसे ज्यादा 24 रन बनाए। इसके अलावा, एमी हंटर ने 10, लुसी लिटिल ने 15 और जॉर्जिना डिम्सी ने 13 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से सत्या संदीपनी ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में मात्र 13 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा, चेथना, सुगंदीका, निमाशा और कविशा ने 1-1 विकेट लिए।

श्रीलंका को मिली 6 विकेट की बड़ी जीत

श्रीलंका ने 97 रन का लक्ष्य 12.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 99 रन बनाकर हासिल कर लिया। 44 गेंद शेष रहते मिली 6 विकेट की बड़ी जीत के साथ श्रीलंका टूर्नामेंट की चैंपियन बनी। श्रीलंका की तरफ से इमेशा दुलानी ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। संजना कविंदी ने 25 रन बनाए। कविशा दिल्हाड़ी 16 रन बनाकर नाबाद रहीं। कप्तान हर्षिता समरविक्रमा शून्य और विकेटकीपर कौशानी 3 रन बनाकर आउट हुईं। आयरलैंड के लिए किया मैक्काथी और कारा मर्रे ने 2-2 विकेट लिए। श्रीलंका की विश्मी गुणारत्ने प्लेयर ऑफ द सीरीज और सत्या संदीपनी प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

सिडनी थंडर को झटका, जॉर्जिया वॉल डब्ल्यूबीबीएल से बाहर



सिडनी। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही सिडनी थंडर को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया की ओपनर जॉर्जिया वॉल 'कन्कशन' (सिर की चोट) के कारण सीजन के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। 21 नवंबर को होबार्ट में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ मैच के दौरान 23 वर्षीय वॉल की टक्कर अपनी ही टीम की साथी जेम्मा बार्सबी से हो गई थी, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। मेडिकल जांच में 'कन्कशन' की पुष्टि हुई, जिसके चलते वह गुरुवार को एडिलेड स्ट्राइकर्स और 28 नवंबर को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ होने वाले मैचों से बाहर हो गईं। स्ट्राइकर्स के खिलाफ मैच के लिए थंडर ने अपनी टीम में युवा ऑलराउंडर लुसी फिन को शामिल किया है, क्योंकि वह अपने बैटिंग कॉम्बिनेशन को फिर से व्यवस्थित करने की तैयारी कर रही हैं। अनिका लेरॉयड और ताहलिया विल्सन, टॉप ऑर्डर में उनकी जगह लेने के संभावित विकल्पों में शामिल हैं।

विश्व शतरंज चैंपियनशिप : गुकेश ने सिंदारोव की हर चाल का दिया जवाब, पहला गेम ड्रॉ

एजेंसी ▸▸ जिनेवा

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में अपने खिताब की रक्षा के अभियान का आगाज ड्रॉ के साथ किया। पहले मुकाबले में भारतीय ग्रैंडमास्टर को उज्बेकिस्तान के चुनौतीकर्ता जावोखिर सिंदारोव ने बराबरी पर रोक दिया।

काले मोहरों से खेल रहे डी गुकेश ने शुरुआती दबाव के बावजूद बर्लिन डिफेंस की रणनीति अपनाकर मुकाबले में वापसी की। डी गुकेश ने समय कम होने के बावजूद सटीक चालें चलीं और जावोखिर सिंदारोव को जीत का मौका नहीं दिया। दिलचस्प बात यह रही कि दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताने से पहले एक ही पोजीशन को पांच बार दोहराया। अब दूसरे गेम में डी गुकेश सफेद मोहरों के साथ उतरेंगे।



गुकेश ने अपनाया बर्लिन डिफेंस

मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों खिलाड़ियों के बीच रणनीतिक चालों का खेल देखने को मिला। डी गुकेश ने रुई लोपेज ओपनिंग के जवाब में काले मोहरों से अप्रत्याशित रूप से बर्लिन डिफेंस अपनाया। शुरुआती चालों में भारतीय खिलाड़ी थोड़े दबाव में नजर आए, लेकिन उन्होंने कुछ अच्छी चालें चलकर बिना वजीर वाली स्थिति में अपनी पकड़ बनाए रखी। एक समय सिंदारोव की स्थिति थोड़ी बेहतर थी। सिंदारोव के मोहरे बेहतर जगह पर थे। प्यादों की स्थिति भी गुकेश के मुकाबले कुछ अच्छी थी। इसके बाद सिंदारोव ने एक प्यादे की कुर्बानी देकर मुकाबले को थोड़ा मुश्किल बनाने की कोशिश की। हालांकि, समय लगातार कम होने के बावजूद डी गुकेश ने हर चाल का सही जवाब दिया।

यूईएफए चैंपियंस लीग : चेर्की के गोल से सिटी घर में हार से बची

मैनचेस्टर सिटी और नेपोली के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ

एजेंसी ▸▸ मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी को एतिहाद स्टेडियम में यूईएफए चैंपियंस लीग के मुकाबले में नेपोली के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रेयान चेर्की के 86वें मिनट में किए गए गोल से सिटी घर में हार से बच सकी। सिटी इस मैच में दो बार पिछड़ी, लेकिन दोनों बार वापसी करते हुए एक अंक हासिल किया। इस ड्रॉ से सिटी की हालिया खराब फॉर्म को लेकर चिंता कम नहीं हुई है।

टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल की है। मेजबान टीम ने अटैकिंग अंदाज में शुरुआत की। इलियट एंडरसन ने शुरुआती दो मिनट में ही नेपोली के गोलकीपर वांजा मिलिंकोविक-सैविक को परखा। इसके बाद निको ओ'रेली का हेडर क्रॉसबार के ऊपर चला गया।



शुरुआती दबाव के बाद नेपोली ने बनाई पकड़

शुरुआती दबाव के बाद नेपोली ने धीरे-धीरे मैच में पकड़ बनाई। सिटी के पूर्व मिडफील्डर केविन डी ब्रुइन ने मेहमान टीम के अटैक को संभाला। हाफटाइम से ठीक पहले सैम बेउकेमा के हेडर को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने शानदार सेव कर बचा लिया। 55वें मिनट में नेपोली ने बढ़त बना ली। रैस्मस होजलुंड ने मार्क गुएही को पीछे छोड़ते हुए दमदार लो शॉट से डोनारुम्मा को छकाया।

डोकू ने सिटी के लिए किया स्कोर 1-1

सिटी के कोच ने जेरेमी डोकू को मैदान में उतारा और इसका फौरन फायदा मिला। डोकू के बनाए मौके पर अय्यूब बौआदी ने 66वें मिनट में सिटी के लिए अपना पहला गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, 10 मिनट बाद ही नेपोली ने फिर बढ़त ले ली। लियोनार्डो स्पिनाजोला के क्रॉस पर नोआ लैंग ने शानदार वॉली मारी, जिस पर डोनारुम्मा के पास कोई मौका नहीं था। 79वें मिनट में जोस्को ग्वार्डिओल का शॉट वुडवर्क से टकरा गया, लेकिन आखिरकार 86वें मिनट में चेर्की ने शानदार फिनिश करते हुए सिटी को 2-2 की बराबरी दिला दी।

मंत्रालय की हरीझंडी के बिना नहीं कर पाएंगे सीजेपी के नेता विदेश यात्रा

सौरव दास द्वारा पासपोर्ट में गलत जानकारी देने से उखड़ा विदेश मंत्रालय, नोटिस थमाकर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के युवा नेता सौरव दास को अपने पासपोर्ट में जन्मस्थान को लेकर गलत जानकारी देना बहुत भारी पड़ गया है। क्योंकि मामले का विदेश मंत्रालय ने गंभीरता के साथ संज्ञान लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात दिन के अंदर जवाब देने के लिए कहा है।

दास के जवाब देने और उस पर केंद्रीय मंत्रालय के पूरी तरह से संतुष्ट होने तक वो अपने पासपोर्ट का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में हुई

सौरव दास द्वारा जन्मस्थान को लेकर दी गई गलत जानकारी देने का मामला सामने आया



मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। जिसमें ये भी बताया कि मंत्रालय ने सौरव दास को वर्ष 2019 में पासपोर्ट जारी किया था। लेकिन उसके बाद कानून एवं जांच एजेंसियों को पासपोर्ट में मिली खामी के आधार पर मंत्रालय द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

जवाब के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

रणधीर ने बताया कि सौरव दास को यह नोटिस उनके द्वारा अपने पासपोर्ट के लिए किए गए एक आवेदन में खासतौर पर जन्मस्थान को लेकर दी गई गलत जानकारी देने का मामला सामने आने के बाद दिया गया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले चेन्नई पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) ने उन्हें पिछले 23 नवंबर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जो कि एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसका ऐसे सभी मामलों में पालन किया जाता है। दास को अपना जवाब 7 दिन के अंदर देना है। साथ ही इस दौरान उन्हें अपने पासपोर्ट का इस्तेमाल न करने की हिदायत भी दी गई है।

अमेरिका से हुई 1700 भारतीयों की वापसी

रणधीर ने ब्रीफिंग में कुछ अन्य सवालों के भी जवाब दिए। जिनमें अवैध प्रवासियों की वापसी के मामले पर उन्होंने बताया कि अमेरिका से इस साल जनवरी से लेकर अब तक कुल 1700 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है। प्रवासन और गतिशीलता को लेकर भारत, अमेरिका एक-दूसरे को सहयोग करते हैं। लेकिन इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि भारत अवैध प्रवासन के सख्त खिलाफ है। अमेरिका से वापस भेजे जा रहे लोगों के मामले में हम उनके साथ संपर्क में बने हुए हैं। लेकिन मैं यहां ये तथ्य स्पष्ट करना चाहता हूं कि जैसे ही हमें किसी व्यक्ति की वापसी की सूचना मिलती है। तो उसमें हम सबसे पहले उसकी नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल करते हैं।

अमेरिकी टैरिफ पर वाणिज्य मंत्रालय देगा जवाब

उन्होंने बताया कि भारत, अमेरिका जल्द ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना चाहते हैं। इसे लेकर बातचीत चल रही है। वहीं, अमेरिका की तरफ से टैरिफ बढ़ाने को लेकर मीडिया के माध्यम से मंत्रालय को जानकारी मिली है। हालांकि ये एक तकनीकी मुद्दा है। जिसे लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जानकारी लेनी चाहिए। भविष्य में विदेश मंत्रालय इस संबंध में अपना रुख साफ कर सकता है। ब्रीफिंग में उन्होंने बताया कि भारत के विदेश मंत्री की रूस के विदेश मंत्री के साथ टेलीफोन पर संवाद हुआ है।

सीमा पर शांति-स्थिरता चाहते भारत, चीन

उन्होंने भारत और चीन के संबंधों के मामलों पर कहा, दोनों देश सैन्य तथा कूटनीतिक माध्यमों से संवाद बनाए रखते हैं। जिसका उदाहरण बीते वक्त में पूर्वी सेक्टर में हुई शीर्ष सैन्य कमांडरों की बैठक से देखने को मिलता है। जिसमें सीमा प्रबंधन व एलएसी के बाकी बचे हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस प्रकार की चर्चाओं का असली उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में शांति-स्थिरता को बनाए रखना, किसी प्रकार के अतिक्रमण पर रोक लगाना है।

स्थापित प्रक्रिया से होती प्रत्यर्पण की जांच

उन्होंने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले को लेकर कहा कि इस संबंध में हमें पड़ोसी देश से जो अनुरोध मिला था। उसको हम स्थापित प्रक्रिया के तहत जांच कर रहे हैं। साथ ही अगर यात्रा दस्तावेज के साथ स्वेच्छा से किसी देश के नागरिक का अपने देश वापस लौटने का मामला है। तो उसका प्रत्यर्पण से कोई संबंध नहीं है और ये एक बिलकुल अलग मामला हो जाता है।

बांग्लादेश की हिंसा पर चिंतित भारत

रणधीर ने बताया कि अपने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा की घटनाओं को लेकर भारत बेहद चिंतित है। इसे लेकर हम बांग्लादेश की सरकार से यह अनुरोध करते हैं कि वो इन सभी घटनाओं की विस्तृत रूप से जांच-पड़ताल करेगी और दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करेगी।

खबर संक्षेप



समुद्र में क्रैश हुआ विमान, 6 की मौत

मिसिसिपी। अमेरिका के मिसिसिपी में हॉर्न आइलैंड के पास एक छोटा विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने इसकी पुष्टि की। तलाशी अभियान के दौरान गोताखोरों ने विमान के ढांचे के अंदर सभी छह लोगों के शव बरामद किए।

रूस का यूक्रेन के पावर प्लांट पर हमला



कीव। रूस ने बुधवार को यूक्रेन की डोनबास फ्यूल एंड एनर्जी कंपनी (डीटीईके) के एक थर्मल पावर प्लांट को निशाना बनाया। हमले में प्लांट के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण बिजली उत्पादन पूरी तरह बंद करना पड़ा। रूस ने मंगलवार रात निप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र की ऊर्जा सुविधाओं को भी निशाना बनाया।

चीन के प्रतिभूति आयोग के प्रमुख से मिले विक्रम



बीजिंग। चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने देश के प्रतिभूति नियामक आयोग के प्रमुख से मुलाकात की और पूंजी बाजार के विनियमों तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

खदान में बाढ़ आने से 9 खनिकों की मौत



जकार्ता। इंडोनेशिया में सोने की एक अवैध खदान में आई बाढ़ के बाद बचावकर्मियों को बुधवार को 9 शव मिले हैं और 17 अन्य खनिकों की तलाश जारी है जिनके वहां फंसे होने की आशंका है। पश्चिम जावा प्रांत के बोगोर जिले में खनन क्षेत्र में सोमवार को भारी बारिश के कारण यह हादसा हुआ।

कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की एनएसए की आठवीं बैठक में बोले अजीत डोभाल

'हिंद महासागर' क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता से ही आर्थिक समृद्धि संभव

तटीय देशों के साथ काम करने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्र देशों को जोड़ता है, बांटता नहीं

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच लगातार सहयोग की जरूरत है। डोभाल यहां कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की आठवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का मकसद हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना था। एनएसए डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र से समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। हिंद महासागर क्षेत्र के हम सभी तटीय देश एक साझा समुद्री क्षेत्र रखते हैं। हम सभ्यता विरासत से भी जुड़े हैं। यह विरासत लंबे समय के इतिहास से बनी है। उन्होंने हिंद महासागर के आसपास के देशों के साझा समुद्री और सभ्यतागत संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि समुद्र देशों को जोड़ने का माध्यम बने रहने चाहिए। उन्हें देशों के बीच बंटवारे का कारण नहीं बनना चाहिए। बता दें, यह बैठक मालदीव में 24 से 26 नवंबर तक हो रही है। इसमें शामिल देश हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग पर चर्चा कर रहे हैं। बैठक में भारत, बांग्लादेश, मालदीव, मॉरीशस, श्रीलंका और सेशेल्स शामिल हैं।



एनएसए अजीत डोभाल

समुद्र की विरासत को बचाएं

डोभाल ने कहा कि इतिहास में समुद्र ने समुदायों और देशों को जोड़ा है। हमसे पहले की पीढ़ियों ने हमें यह विरासत दी कि समुद्र हमें जोड़ते हैं। आइए, हम भी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसी विरासत और परंपरा छोड़ें, जो उन्हें एक साथ बांधे। समुद्र के जरिये उन्हें अलग न करे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2020 में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की स्थापना हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर आधारित थी। इस समूह ने काफी प्रगति की है। लेकिन अभी उसे लंबा सफर तय करना है।

क्षेत्रीय समूह को मजबूत करें

डोभाल ने क्षेत्रीय समूह को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने कहा कि भारत के लिए कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन हमारी पड़ोसी प्रथम और महासागर दृष्टिकोण का संगम है। यह सुरक्षा और विकास के क्षेत्रों में आपसी और समग्र प्रगति का प्रतीक है। हम बदलती और गंभीर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी सामूहिक क्षमताओं को बढ़ाने के वास्ते सम्मेलन के देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक साल पहले जारी हुआ था घोषणा पत्र

कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के सदस्य देशों ने 30 अगस्त 2024 को घोषणापत्र और सचिवालय की स्थापना से जुड़े समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह समारोह श्रीलंका सरकार की मेजबानी में कोलंबो में हुआ था। डोभाल ने भारत की ओर से इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार इब्राहिम लतीफ, श्रीलंका में मॉरीशस के उच्चायुक्त हेमंडोयाल डिल्लम और श्रीलंका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सगला रत्नायके ने भी अपने-अपने देशों की ओर से हस्ताक्षर किए थे।

लोगों के हितों की रक्षा भी जरूरी

डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर केवल क्षेत्र के देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए ही अहम नहीं है। यह वहां के लोगों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमने एक बहुत ही शुरुआती विचार के साथ शुरुआत की थी कि हिंद महासागर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम है। यह हमारी आर्थिक समृद्धि के लिए भी जरूरी है। यह मानवीय पहलू के लिए भी अहम है। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के हितों का ध्यान रखना।

मालदीव का जताया आभार

डोभाल ने बैठक की मेजबानी के लिए मालदीव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर को रणनीतिक अहमियत को लेकर शुरू हुआ विचार अब एक व्यवस्थित क्षेत्रीय मंच बन गया है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं यहां मौजूद हूं और मालदीव सरकार के शानदार आतिथ्य का आनंद ले रहा हूं। मैं विशेष रूप से मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का आभारी हूं। उन्होंने इस सम्मेलन के लिए बेहतरीन व्यवस्था की है। साथ ही हमें अपने विचार और राय साझा करने का अवसर दिया है। डोभाल ने अगस्त 2024 में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के घोषणापत्र और सचिवालय की स्थापना से जुड़े समझौता ज्ञापन को अपनाए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने समूह को संस्थागत रूप देने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया।

साझा उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तैयार

डोभाल ने भाग लेने वाले देशों को भारत के लगातार समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मैं यहां मौजूद आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि भारत यहां के साझेदार देशों में से एक के रूप में और कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की पहल करने वाले देशों में से एक के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। हम हर जरूरी मदद और सहायता देने की कोशिश करेंगे। हम अपने साझा उद्देश्यों को हासिल करने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाते हैं।

सहयोग के 5 प्रमुख क्षेत्र

समुद्री सुरक्षा और संरक्षा। आतंकवाद और कट्टरपंथ का मुकाबला। तस्करी और सीमापार संगठित अपराध से निपटना। साइबर सुरक्षा और अहम बुनियादी ढांचे तथा तकनीक की रक्षा। मानवीय सहायता और आपदा राहत।

अमेरिका का नया टैरिफ प्रस्ताव

भारत समेत 6 देशों पर 25% चीन पर 40% टैक्स की योजना



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर वैश्विक व्यापार में हलचल मचाते हुए भारत और 13 अन्य प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों पर 25 प्रतिशत तक नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम दुनिया भर के बाजारों में जरूरत से ज्यादा औद्योगिक उत्पादन की समस्या से निपटने के लिए उठाया जा रहा है। इस फैसले की सबसे बड़ी मार चीन पर पड़ेगी, जिस पर पहले से लगे टैक्स के अलावा 20 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि यह नया शुल्क ट्रंप के पहले कार्यकाल में लगाए गए करीब 20% टैरिफ के ऊपर जुड़ेगा। हालांकि, 30 अरब डॉलर के उन चीनी सामानों को इससे बाहर रखा गया है।

मेक्सिको और कॉर्न नए शुल्क से बाहर

शुरुआती जानकारी के अनुसार चीन के अलावा इस सूची में भारत, बांग्लादेश, कंबोडिया, यूरोपीय संघ (ईयू), इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। दूसरी तरफ फिलहाल के लिए मेक्सिको और कॉर्न को इन नए शुल्कों से बाहर रखा गया है। अच्छा, राहत की बात यह है कि नए टैरिफ पुराने समझौतों की तय सीमा को पार नहीं करेंगे। उदाहरण के लिए यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान के लिए यह सीमा 15% और मलेशिया के लिए 19% रहेगी। इसके अलावा, जुलाई में 60 देशों पर लगाए गए 10% से 12.5% के शुल्कों के ऊपर यह नया टैक्स नहीं जोड़ा जाएगा। कई देशों की लागत में उछाल नहीं आएगा।

औद्योगिक सब्सिडी से यूएस को हानि

अमेरिका का तर्क है कि औद्योगिक सब्सिडी से विदेशी विनिर्माताओं सस्ते में सामान खपाते हैं और बड़ी तादाद में अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाते हैं। आसान शब्दों में कहें तो यूएस का मानना है कि सब्सिडी, वित्तीय मदद और दूसरे पॉलिसी सपोर्ट से विदेशी विनिर्माण कम कीमत पर सामान बना पाते हैं। फिर ये कंपनियां अपने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छे दामों पर बेचती हैं, जिससे अमेरिकी विनिर्माण के लिए मुकाबला करना मुश्किल हो जाता है।

रियाद के फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट टॉवर पर हमला

2 भारतीयों समेत 11 घायल, भारत ने हूती हमले की निंदा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रियाद फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट टावर पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बुधवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बताते हुए दो भारतीयों के घायल होने की पुष्टि की।



टॉवर का क्षतिग्रस्त हिस्सा

मंत्रालय ने कहा कि हम 24 नवंबर को रियाद के फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट स्थित टावर पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। साथ ही, हम सऊदी अरब साम्राज्य में नागरिकों, आर्थिक ढांचे और ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए जा रहे लगातार हमलों की भी निंदा करते हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास घायलों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। भारत ने इन हमलों को सऊदी अरब की संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है।

आरोपी मनप्रीत की जमानत याचिका खारिज

आतंकी शहजाद के इशारे पर लगे थे कैमरे, सेना पर रख रहे थे नजर

एजेंसी ▶▶ अंबाला

सेना की आवाजाही और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अंबाला के राष्ट्रीय राजमार्ग-152 पर सिम आधारित सोलर कैमरे लगाए जाने के मामले में पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है।



एआई इमेज

जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी शहजाद भट्टी के इशारे पर उसके हैंडलर हसन गुज्जर ने ये कैमरे लगवाए थे। मामले में पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि पाकिस्तानी मूल का हसन गुज्जर अभी फरार है।

मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार बंसल की अदालत ने आरोपी पंजाब के तरनतारन जिले के पट्टी क्षेत्र निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नी (25) की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है।

भारत-नेपाल सैन्यअभ्यास 'सूर्य किरण' शुरू



8 दिसंबर तक सीखेंगे युद्ध और बचाव के गुर

काठमांडू। भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच बुधवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण' शुरू हो गया है। नेपाल के रुपन्देही जिले के सालझांडी स्थित नेपाल आर्मी बैटल स्कूल में हो रहे इस अभ्यास में दोनों देशों के जवान आपदा से निपटने, जंगलों में युद्ध लड़ने और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने की ट्रेनिंग लेंगे। इस बार यह अभ्यास 8 दिसंबर तक चलेगा।

भारतीय स्पेस सर्विलांस और इंटेलिजेंस कंपनी दिगंतारा का खुलासा

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अंतरिक्ष से पाक की मदद कर रहे थे चीनी उपग्रह

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के तीन जासूसी सैटेलाइट सक्रिय थे

गुजरात के भुज नलिया, जामनगर पर विशेष निगरानी रखी गई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसके बाद नापाक पड़ोसी पाकिस्तान की साजिश बेनकाब हो गई थी। अब चीन की एक बड़ी जासूसी हरकत



एआई इमेज

सामने आई है। बेंगलुरु स्थित भारतीय स्पेस सर्विलांस और इंटेलिजेंस कंपनी दिगंतरा की एक रिपोर्ट में इस बात का बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस पूरे सैन्य अभियान के दौरान तीन चीनी जासूसी सैटेलाइट लगातार भारत के पश्चिमी तट, खासकर गुजरात के ऊपर मंडराते रहे। चीनी सैटेलाइट न केवल भारतीय सेना के ठिकानों पर नजर रख रहे थे, बल्कि देश के बड़े बंदरगाहों और कारोबारी ठिकानों की भी जासूसी कर रहे थे।

रिलायंस रिफाइनरी पर भी नजर थी

रिपोर्ट के अनुसार, निंजिशया-14, गाओफेन-11 और याओगन-30 नाम के तीन चीनी सैटेलाइट हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना और वायुसेना के ठिकानों पर लगातार नजर रखे हुए थे। इन्होंने खासतौर पर गुजरात के भुज, नलिया और जामनगर के आसपास के इलाकों और रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी जैसे अहम औद्योगिक ठिकानों की निगरानी की।

दुनिया का पहला देश बना जापान, जिसे भारतीय रेंज में मिलेगा मिसाइल परीक्षण का मौका

नई दिल्ली द्वारा रक्षा सहयोग नीति में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव का नतीजा

भारत की फायरिंग रेंज में सुनाई देगी जापान की मिसाइलों की गूंज, चांदीपुर समेत 3 रेंज में होंगे कई परीक्षण!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं, जब भारत की परीक्षण रेंज में दुनिया के बाकी देशों की मिसाइलों की प्रचंड गूंज सुनाई देगी। क्योंकि नई दिल्ली ने अपनी रक्षा सहयोग नीति में बड़े पैमाने पर बदलाव कर दिया है। जिसके तहत दुनिया में सबसे पहले देश के रूप में जापान को मिसाइल परीक्षण करने का मौका प्रदान किया गया है। सरकार के सूत्रों ने बताया कि जापान भविष्य में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत



परीक्षण रेंज (आईटीआर) के अलावा देश के कुछ अन्य राज्यों जैसे पश्चिम-बंगाल और आंध्र-प्रदेश में बनाई जाने वाली स्टेट ऑफ द आर्ट मिसाइल परीक्षण रेंज से अपनी मिसाइलों (हाइपरसोनिक मिसाइल टेस्ट शामिल) का परीक्षण कर सकेगा।

ब्रिटिश काल की है चांदीपुर रेंज

ओडिशा में मौजूद चांदीपुर परीक्षण रेंज भारत की एक प्रमुख मिसाइल और अन्य जंगी हथियार परीक्षण रेंज के रूप में दुनियाभर में मशहूर है। लेकिन इसकी शुरुआत का इतिहास ब्रिटिशकाल से जुड़ा हुआ है। 1894 में हथियार परीक्षण क्षेत्र के लिए बालासोर के तत्कालीन जिलाधीश सी.एच.बोम्पास ने चांदीपुर में भूमि अधिग्रहित की थी। ब्रिटिश सेना इस क्षेत्र में अपने तोपखाने और गोला बारूद के परीक्षण करती थी। लेकिन दिसंबर 1894 में इसे आधिकारिक रूप से अंग्रेजी सरकार ने अपनी मान्यता प्रदान की।

अक्टूबर में किया रेंज का दौरा

मामले को लेकर जापान की तकनीकी टीम ने पिछले अक्टूबर महीने में भारत की परीक्षण रेंज का दौरा कर वहां मौजूद सुविधाओं का विस्तार से आकलन किया था। ये जापानी दल करीब एक सप्ताह तक भारत में रुका और उस दौरान उसने उन संभावित रेंज की क्षमताओं का गहनता के साथ विश्लेषण किया। जहां से आगामी समय में वह अपने मिसाइल तथा छोटे हमलावर ड्रोन के परीक्षणों को अंजाम दे सकता है।

जापान संग संबंधों को देंगे मजबूती

मामले को लेकर जब बुधवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल पूछा गया। तो उसके जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इस बाबत रक्षा मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान जारी किया था। ये विषय रक्षा मंत्रालय से ही संबंधित है। इसलिए उनसे ही इसे लेकर जवाब लिया जाना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in